हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

8 पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?

मैट्रो
14 प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी हाजिर होकर...

## विक्रम महोत्सव के तहत नई दिल्ली में 12,13 व14 अप्रैल को होंगे विशेष आयोजन

# 30 को गुड़ी पड़वा हर्षोल्लास से मनेगी, सभी मंत्री अपने जिलों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैबिनेट की बैठक से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा कि समूचे प्रदेश में 30 मार्च को गुड़ी पड़वा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें सभी मंत्री अपने अपने जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होकर सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। उज्जैन संभाग की 25 इकाइयों का भूमि-पूजन मंगलवार को होगा। इसमें उज्जैन की 13 और संभाग के अन्य स्थानों की 12 इकाइयां शामिल हैं।

आज होगा 25 इकाइयों का भूमि पूजन, ओंकारेश्वर में विकसित होगी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

**प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में होगी सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति**



### संभागवार औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन का क्रम जारी रहेगा

*डॉ. यादव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए गतिविधियां जारी हैं। इस क्रम में 21 मार्च को ग्वालियर क्षेत्र में 18 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन किया गया। इनमें 11 मुरैना, सात ग्वालियर और एक इकाई का भिंड में भूमि-पूजन संपन्न हुआ। संभागवार यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।*

### 614 वर्ग किमी क्षेत्र में होगी प्रदेश की 26 वीं ओंकारेश्वर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में प्रदेश में दो अभयारण्य को मूर्त रूप देने के बाद राज्य सरकार वाइल्ड लाइफ सेंचुरी विकसित करने की ओर अग्रसर है। इसके तहत ओंकारेश्वर में 614 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश की 26वीं वाइल्ड लाइफ सेंचुरी विकसित की जा रही है। इस संपूर्ण क्षेत्र में कोई गांव अथवा बसाहट नहीं है। भविष्य में इसे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### 'भाबीजी घर पर हैं' के राइटर का निधन

**नई दिल्ली।** भाबीजी घर पर हैं, जीजाजी छत पर हैं', हप्पू की उलटन पलटन... जैसे कॉमेडी सीरियल्स के मशहूर राइटर मनोज संतोषी का निधन हो गया। 23 मार्च को हैदराबाद में लिवर कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद उनकी मौत हो गई। स्क्रीनराइटर मनोज संतोषी, जिन्होंने शिल्पा शिंदे के हिट शो 'भाबीजी घर पर हैं' के स्क्रीनप्ले और दमदार डायलॉग लिखे हैं। उन्होंने इसके अलावा भी कई लोकप्रिय टेलीविजन शोज के लिए काम किया था। उनके मौत की खबर से टीवी जगत में शोक पसर गया है। फैंस उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मनोज संतोषी को लेकर पिछले महीने खबर आई थी कि वे लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। लंबे समय से चल रहे इलाज के दौरान वह जिंदगी की जंग हार गए और दुनिया को अलविदा कह दिया।



### टेक स्टार्टअप्सः जुटाया 2.5 अरब डॉलर का फंड

**नई दिल्ली।** घरेलू टेक स्टार्टअप्स ने कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में (जनवरी-मार्च अवधि में) अब तक 2.5 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसमें पिछली तिमाही की अपेक्षा 13.64 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 8.7 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर यूएस और यूके के बाद भारतीय टेक स्टार्टअप को सबसे अधिक फंडिंग मिली है। 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर यूएस और यूके के बाद भारतीय टेक स्टार्टअप को सबसे अधिक फंडिंग मिली है।



विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित

## सीएम ने मप्र नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 के मुद्दे पर कहा

# हम किसानों को 'मुआवजा' नहीं दे रहे हैं, विकास में भागीदार बना रहे

◆ सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास के लिए किसी भी क्षेत्र में जमीन की जरूरत होगी, उसी जमीन पर नया कारवां तैयार करेंगे



सीएम ने कहा कि कुल स्वीकृत बजट की 17 फीसदी राशि अधोसंचना विकास पर खर्च होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के बजट सत्र के समापन के मौके पर मप्र नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 के मुद्दे पर कहा कि कभी हम पूरी जमीन लेकर सिर्फ मुआवजा देते थे, उस वक्त कई तरह की दिक्कतें आती थीं। किंतु, अब किसानों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं, विकास में भागीदार बना रहे हैं। पूरे प्रदेश में विकास के लिए किसी भी क्षेत्र में जाएंगे तो जमीन की जरूरत होगी, उसी जमीन पर ही नया कारवां तैयार करेंगे। यह वाकई नए दौर का सबेरा है।

**9 दिनी बजट सत्र कुल 56 घंटे तक चला**

इस सत्र में कुल 2939 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें से 1448 तारांकित और 1491 अतारांकित प्रश्न थे



*नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि होली मिलन के माध्यम से जो मतभेद थे, वह भी खत्म हो गए*

*विधानसभा की कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट करने की जरूरत बताई*

### बजट पर सामान्य चर्चा 9 घंटे 44 मिनट चली

मप्र विधानसभा की कार्यवाही सोमवार को अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हो गई। 16 वीं विधानसभा का यह पंचम (बजट) सत्र था। 9 दिनी बजट सत्र कुल 56 घंटे तक चला। इस सत्र में कुल 2939 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें से 1448 तारांकित और 1491 अतारांकित प्रश्न थे। ध्यानाकर्षण की 624 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिसमें से 33 सूचनाएं ग्राह्य की गईं। शून्यकाल की 183 सूचनाएं और 510 याचिकाएं भी प्राप्त हुईं। इस सत्र के दौरान 4 शासकीय विधेयक और एक अशासकीय संकल्प भी सदन में पारित हुआ है।



### अध्यक्ष ने सत्र के समापन पर सभी को धन्यवाद दिया

*सत्र के सफलतापूर्वक समापन पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सभी मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष, सभी सदस्यों, पत्रकारों एवं विधानसभा सचिवालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा के माध्यम से ही जनता की समस्याओं का निराकरण होता है। सदन का चलना और चर्चा होना पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। इससे जहां एक ओर विपक्ष को प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विभिन्न संसदीय माध्यमों से अपनी बात कहने का अवसर मिलता है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सदन में अच्छी परंपरा बनी है। होली मिलन के माध्यम से जो मतभेद थे, वह भी खत्म हो गए। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट करने की जरूरत बताई।*

### अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए सुझाव मिले

अध्यक्ष तोमर ने कहा कि इससे सरकार को अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त होते हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करने और उसमें कसावट लाने में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि सदन की सफल कार्यवाही से विधायिका के कार्यपालिका पर नियंत्रण की वास्तविक तस्वीर भी परिलक्षित होती है। वास्तव में हमारा लक्ष्य यही होता है कि लोकतंत्र समृद्ध हो और संसदीय कार्यप्रणाली प्रदेश और उसकी जनता की प्रगति तथा उन्नति का माध्यम बने।

### पूरे दिनों के लिए सदन की कार्यवाही संचालित हुई

संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जितने समय के लिए विधानसभा की कार्यवाही निर्धारित की गई थी, उतने पूरे दिनों के लिए सदन की कार्यवाही संचालित हुई। कुछ कार्य दिवसों में तो निर्धारित समय अवधि से ज्यादा समय रात्रि दस बजे तक सदन की कार्यवाही में सक्रियता से सदस्यों ने भाग लिया। इस सत्र में अशासकीय कार्य भी काफी हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे गंभीरता से सदन को संचालित करते हैं एवं सदन के प्रत्येक सदस्य को महत्व प्रदान करते हैं। मंत्री लोक निर्माण विभाग राकेश सिंह ने सदन के समापन कहा कि विधानसभा की कार्यवाही को कुशलता पूर्वक संपादित करने में अध्यक्ष तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इंदौर खंडपीठ ने दिया अहम फैसला

## *हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही निपटाए जाएंगे जैन समाज के वैवाहिक विवाद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

जैन समाज के वैवाहिक मामले हिंदू विवाह अधिनियम के तहत ही सुने और निराकृत किए जाएंगे। कुटुंब न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने यह निष्कर्ष निकालकर कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रविधान जैन समुदाय पर लागू नहीं होते हैं, गंभीर त्रुटि की है। वर्ष 2014 में जैन समुदाय को भले ही अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया गया, लेकिन उन्हें किसी भी मौजूदा कानून के तहत आवेदन करने के अधिकार से वंचित नहीं किया गया है।

■ कुटुंब न्यायालय का फैसला निरस्त किया



### *यह भी कहा न्यायालय ने*

*उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि हिंदू विवाह वैधता अधिनियम, 1949 को हिंदुओं, सिखों और जैनों तथा उनकी विभिन्न जातियों, उपजातियों और संप्रदायों के बीच सभी मौजूदा विवाहों को वैध बनाने के लिए पारित किया गया था। अधिनियम की धारा 2 में हिंदू की परिभाषा के अनुसार सिख या जैन धर्म को मानने वाले व्यक्ति शामिल हैं। उक्त अधिनियम की धारा 3 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सिख और जैन सहित हिंदुओं के बीच कोई भी विवाह किसी अन्य मौजूदा कानून, व्याख्या, पाठ, नियम, रीति-रिवाज या उपयोग के आधार पर अमान्य नहीं माना जाएगा।*

रिहायशी क्षेत्र में पहुंची मादा चीता और उसके चार शावक

## शावकों ने बछिया पर बोला हमला, ग्रामीणों ने पत्थर मारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को वीरपुर तहसील के तेलीपुरा गांव के खेतों में और कूनो साइफन के पास निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक पर मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों विचरण करते नजर आए। खासतौर पर चीता प्रोजेक्ट के लिए चिंताजनक बात यह रही कि खेतों, मेड़ों और सड़कों पर विचरण करते दिखे चीतों का ग्रामीण वीडियो बनाते और उनके साथ सेल्फी लेते दिखे। जिसमें वह चीतों के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए थे। जो चीतों की ओर से लोगों और चीतों से लोगों को यानि दोनों तरफ से सुरक्षा के लिए खतरा है।

■ लोगों ने चीतों की नजदीक से ली सेल्फी



चीतों का जो वीडियो वायरल हुआ उसमें चीता शावकों को दो बार एक बछिया पर हमला करते देखा जा रहा है, इस दौरान ग्रामीण चिल्लाकर व पत्थर फेंक कर बछिया को छुड़ाने का प्रयास करते दिखाई पड़ रहे हैं जिन्हें पास ही खड़े चीता मित्र उन्हें रोकते दिखाई दे रहे हैं।




## सबसे अधिक गर्म रहे रतलाम का पारा 39 डिग्री पार, चार जिलों में 37 से 39 डिग्री के बीच

रात से सुबह तक हवाएं उत्तरी होने से अभी न्यूनतम पारा औसत सामान्य के नीचे

# नया सिस्टम सक्रिय, हवाएं बदलने से 'बढ़ने' लगी गर्मी, 2 दिन में 3 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों के तापमानों में धीरे-धीरे बढ़त शुरू हो गई है। नया सिस्टम आने से पहले ही दिन और रात में हवाएं बदलने से सोमवार को मौसम नरम-गरम रहा। अगले दो दिन में तापमान में दो से 3 डिग्री तक बढ़त होने की उम्मीद है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 35.5 डिग्री रहा, जबकि रात का दशमलव एक डिग्री गिरकर 16.5 डिग्री रहा। दिन का पारा अभी सामान्य और रात का नॉर्मल से ढाई डिग्री कम रहा है। प्रदेश में सबसे गर्म रहे रतलाम का दिन का पारा 39.2 डिग्री रहा है।

### 9 जिलों में न्यूनतम पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज



**इन जिलों में रात का पारा 15 डिग्री से कम**

नौ जिलों में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे रहा। इनमें पचमढ़ी सबसे कम 12.6, शहडोल 13, अमरकंटक, छतरपुर, सीधी 13.8, उमरिया 14.5, बड़वानी, राजगढ़, शाजापुर में न्यूनतम पारा 14.6 डिग्री रहा है।

**कहां कितनी गर्मी?**

सोमवार को पांच जिलों में दिन का पारा 37 से 39 डिग्री के बीच रहा। इनमें रतलाम 39.2 सबसे गर्म। नर्मदापुरम 38.9, धार 38.6, उज्जैन 37.5, खरगौन 37.2 डिग्री तक रहा है। पश्चिमी प्रदेश यह औसतन 36 डिग्री रहा, जबकि पूर्वी मप्र में औसत अधिकतम पारा 35 डिग्री तक रहा।

**जबलपुर**
मंगलवार, 25 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष-11
- वर्ष : 19, अंक : 318
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 15

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


## सीनियर आईएएस ऑफिसर अजय सेठ होंगे नए वित्त सचिव, मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** सीनियर ब्यूरोक्रेट अजय सेठ को सोमवार को नया वित्त सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में ये जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अजय सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। अजय सेठ को तुहिन कांत पांडेय की जगह ये पद दिया जा रहा है।

### केंद्र सरकार का सांसदों को तोहफा, वेतन के साथ भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी की गई

# सांसदों का वेतन वर्तमान में 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.24 लाख रुपए प्रति माह किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सांसदों और पूर्व सांसदों को बड़ा तोहफा दी है। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार केंद्र ने 1 अप्रैल, 2023 से सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में वृद्धि की है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन वर्तमान में 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.24 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है, जबकि दैनिक भत्ता 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा अधिसूचना के अनुसार, पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन भी वर्तमान में 25,000 रुपए से बढ़ाकर 31,000 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि पांच साल से अधिक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन को पहले के 2,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया है। मौजूदा और भूतपूर्व सांसदों को दिए जाने वाले वेतन और भत्तों में पहले संशोधन की घोषणा अप्रैल 2018 में की गई थी।

दैनिक भत्ता 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए कर दिया गया



### किराए-मुक्त आवास भी

सरकार उनके आवास और रहने की व्यवस्था का भी ध्यान रखती है। अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान, सांसदों को नई दिल्ली में किराए-मुक्त आवास प्रदान किया जाता है। उन्हें अपनी वरिष्ठता के आधार पर छात्रावास के कमरे, अपार्टमेंट या बंगले मिल सकते हैं। जो व्यक्ति आधिकारिक आवास का उपयोग नहीं करना चाहते हैं, वे मासिक आवास भत्ता प्राप्त करने के पात्र हैं।

### सांसदों को सालाना 50,000 यूनिट बिजली और 4,000 किलोलीटर पानी मुफ्त

2018 में संशोधन में घोषित सांसदों के लिए मूल वेतन 1,00,000 रुपए प्रति माह था। इस राशि को निर्धारित करने का उद्देश्य उनके वेतन को मुद्रास्फीति की दरों और जीवन की बढ़ती लागत के अनुरूप लाना था। 2018 के संशोधन के अनुसार सांसदों को अपने कार्यालयों को अद्यतन रखने और अपने संबंधित जिलों में मतदाताओं से बातचीत करने की लागत का भुगतान करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र भत्ते के रूप में 70,000 रुपए का भत्ता मिलता है। इसके अलावा, उन्हें कार्यालय भत्ते के रूप में प्रति माह 60,000 रुपए और संसदीय सत्रों के दौरान 2,000 रुपए दैनिक भत्ते के रूप में मिलते हैं। इन भत्तों में भी अब बढ़ोतरी की जाएगी। इसके अलावा, सांसदों को फोन और इंटरनेट उपयोग के लिए सालाना भत्ता भी मिलता है। वे अपने और अपने परिवार के लिए प्रति वर्ष 34 मुफ्त घरेलू उड़ानों का आनंद लेते हैं, और पेशेवर और व्यक्तिगत उपयोग के लिए किसी भी समय प्रथम श्रेणी की ट्रेन यात्रा करते हैं। वे सड़क का उपयोग करने पर माइलेज भत्ते का दावा भी कर सकते हैं। सांसदों को सालाना 50,000 यूनिट बिजली और 4,000 किलोलीटर पानी की मुफ्त सुविधा भी मिलती है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### जबलपुर के अधिकारी को हटाने के निर्देश



**भोपाल।** विधानसभा में सोमवार को जबलपुर नगर निगम में फ्री होल्ड जमीन में मनमाने ढंग से परिवर्तन किए जाने के मामले में नगर निगम के प्रभारी उपायुक्त पीएन सनखेरे को हटाने के निर्देश नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिए हैं। ध्यानाकर्षण में यह मामला आया था।

### कटनी में रेलवे ट्रैक पर मिली प्रेमी जोड़े की लाश



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के कटनी- सतना रेलखंड के नयागांव के पास सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के शव पड़े मिले। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक-युवती पुरैनी के रहने वाले बताए गए हैं।

### गोदाम में फटे 350 सिलेंडर, दहले लोग



**बरेली।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर एक बजे सिलेंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार सिलेंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया।

### चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा जबकि अंतिम रिपोर्ट आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी

**छात्रों की खुदकुशी के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन**

# विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा रिटायर जज की अगुआई में एक नेशनल टास्क फोर्स

टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं।



*आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान करेगा टास्क फोर्स*

*जज ने कहा कि हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।*



### दो छात्रों के मां-पिता की याचिका

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली मे हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था।

### टास्क फोर्स में ये लोग होंगे

कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

### टास्क फोर्स को अदालत ने दी विशेष ताकत

*पीठ ने कहा कि टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान, मौजूदा नियमों का विश्लेषण और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें शामिल होंगी। अदालत ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में टास्क फोर्स के पास किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने का अधिकार होगा। चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा, जबकि अंतिम रिपोर्ट अधिमानतः आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी।*

### तीसरी बार उज्जैन ने अपना परचम लहराया

# कालभैरव डॉक्यूमेंट्री को श्रेष्ठ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुरस्कार



फिल्म महोत्सव में 110 देशों से 300 से ज्यादा फिल्में आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में लगातार तीसरी बार उज्जैन ने अपना परचम लहराया। मंथन इंडिया फिल्म्स की ओर से बनाई गई काल भैरव फिल्म को 45 अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में से चुनकर श्रेष्ठ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। फिल्म के निर्देशक दीपक कोडापे ने बताया कि उत्तर प्रदेश टूरिज्म द्वारा गोरखपुर में धर्म एवं अध्यात्म पर आधारित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन किया गया।

### विधानसभा में जांच आयोग की रिपोर्ट पेश नहीं की गई

# मंदसौर गोलीकांडः मप्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा



पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने दायर की है सुप्रीम कोर्ट में याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात साल पुराने मंदसौर गोलीकांड को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सकलेचा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा और सर्वम रितम खरे ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। 6 जून 2017 को मंदसौर के पिपलिया मंडी में पार्श्व नाथ चौपाटी पर आंदोलन कर रहे 5 किसानों की पुलिस के गोली चलाने से मौत हो गई थी। गोलीकांड की सीबीआई जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने साल 2017 में हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पिटीशन लगाई थी।

### प्राइवेट पार्ट छूना रेप का प्रयास नहीं...

# वकील ने शुरू की पैरवी, सुप्रीम कोर्ट बोला-लेक्चरबाजी बंद करो

*इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नाबालिग लड़की के साथ रेप की कोशिश से जुड़े एक मामले में आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के विवादित फैसले को लेकर दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है।

याचिकाकर्ता ने फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग की थी, लेकिन सुनवाई के दौरान न याचिकाकर्ता कोर्ट में मौजूद थी, न उनकी तरफ से याचिका दाखिल करने वाले वकील। जो वकील पैरवी के लिए मौजूद थे, जजों ने उनकी बात सुनने से मना कर दिया। अंजले पटेल नाम की वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। यह याचिका एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड संजीव मल्होत्रा के जरिए दाखिल हुई थी। इसमें कहा गया था कि समाज की शांति और सौहार्द इस फैसले से प्रभावित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट फैसले के विवादित अंश को हटाने के लिए कदम उठाए।



### शीर्ष कोर्ट ने अनुच्छेद 32 का दिया हवाला

मामला जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना वराले की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगा था। याचिका की पैरवी के लिए वकील प्रदीप यादव पेश हुए। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे का जिक्र करते हुए अपनी बात रखनी शुरू की, लेकिन जस्टिस बेला त्रिवेदी ने उनसे कहा कि वह लेक्चरबाजी न करें। इसके बाद कोर्ट ने सवाल किया कि याचिका दाखिल करने वाले एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड कहां हैं?

### सीबीआई ने लिया बड़ा एक्शन

# एनएचएआई के जीएम को 15 लाख घूस लेते दबोचा



***पटना में महाप्रबंधक के पास मिले 1.18 करोड़***

एजेंसी ▶▶ पटना

राजधानी पटना में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पटना क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक (जीएम) को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान रामप्रीत पासवान के रूप में हुई है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई, जिससे पूरे एनएचएआई कार्यालय में हड़कंप मच गया।

### युवती बचने के लिए ट्रेन से कूदी

# हैदराबाद में चलती ट्रेन में युवती से रेप की कोशिश



महिला कोच में अकेली थी तभी हुई जबरदस्ती

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

एक युवती के साथ चलती ट्रेन में रेप करने की कोशिश की गई। खुद को बचाने के लिए युवती चलती ट्रेन से कूद गई। जिसके बाद वह घायल हो गई। घटना 22 मार्च की शाम को कोमपल्ली के पास रात करीब 8:15 बजे हुई।

हुई जब युवती हैदराबाद के सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से मेडचल जाने वाली ट्रेन के महिला कोच में अकेले यात्रा कर रही थी। युवती ने पुलिस को बताया कि कोच में यात्रा कर रही दो महिला यात्री अलवल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गईं। उसके बाद मैं कोच में अकेली यात्री थी।

### खरगोन में चरित्र संदेह में रिश्ते का खून

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में कातिल बना बेटा, अपने पिता को चाकू घोंपा

पिता अपनी बहू के पास बार-बार आता-जाता था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के महूमांडली गांव में एक बेटे ने अपने पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार रात 9 बजे के बाद की है। मृतक की पहचान कालू पिता लधिया (40) के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पिता अपनी बहू के पास बार-बार आता-जाता था।

### पहले कहासुनी हुई थी

मृतक के छोटे बेटे अजय ने पुलिस को बताया कि, बड़ा भाई मुकेश पिता पर अपनी बहू से अवैध संबंध की आशंका करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच रविवार रात कहासुनी हुई और मुकेश ने पिता कालू पर चाकू से हमला कर दिया। एएसपी में बताया पीएम कर मामले की जांच की जा रही है।

### इलाहाबाद बार एसोसिएशन ने कहा-जस्टिस यशवंत के खिलाफ ईडी और सीबीआई जांच होनी चाहिए

सीजेआई से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने की सिफारिश की, बार का कहना- ऐसा न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा को लेकर सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने सोमवार को एक बैठक की। इस बैठक के बाद कोलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने के फैसले का समर्थन किया।

हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अपील की गई है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट न भेजा जाए। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।



जस्टिस यशवंत वर्मा

### सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए

जनरल बॉडी मीटिंग में प्रस्ताव पास किया गया कि जिस प्रकार से एक सिविल सर्वेंट, पब्लिक सर्वेंट या राजनेता का ट्रायल होता है,उसी तरह उनके केस का ट्रायल भी होना चाहिए। बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच को खारिज करते हुए मांग की है कि अगर जरूरत पड़े तो जस्टिस यशवंत वर्मा को सीजेआई की अनुमति से कस्टडी में लिया जाए।

### अंकल जज सिंड्रोम का मामला उठाया

बार एसोसिएशन ने अंकल जज सिंड्रोम का भी मामला उठाया है। वकीलों ने अंकल जज सिंड्रोम के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। इसके तहत जिस अदालत में कोई जज हो उसके परिवार के लोग वहां पर वकालत न करें। बार एसोसिएशन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों के खाली पदों को भरने, जस्टिस यशवंत वर्मा के फैसलों की समीक्षा, मांग की है।

सोमवार को लाइब्रेरी हॉल में इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में 11 प्रस्ताव पास किए गए। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पास कर सीजेआई से मांग की है कि जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट तबादला न किया जाए। बार एसोसिएशन ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट डंपिंग ग्राउंड नहीं है। इसके साथ ही बार एसोसिएशन ने केंद्र सरकार और सीजेआई से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाए जाने की मांग की है। सोमवार को लंच के बाद सांकेतिक रूप से इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील हड़ताल पर चले गए हैं।

## एडीए के अधिकारी का बड़ा दावा

# भारत में बन रहे एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, अमेरिका व चीन की छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को 'मात' देने में हैं सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के अधिकारी का दावा है कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर इतना ज्यादा प्रचार हो रहा है, जिसने भारत के 5.5 पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को ओवरशैडो कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन अपने छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों का जितना प्रचार कर रहे हैं।

असलियत उससे काफी अलग है। जो खूबियां छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को एडवांस बनाते हैं, वो एएमसीए में भी होने वाले हैं। एएमसीए भारत का 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो साल 2028 तक अपनी पहली उड़ान भरेगा। अधिकारी ने कहा कि एएमसीए में भी वो खूबियां होंगी, जो छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में बतलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान में चुनिंदा खूबियां होंगी। दूसरे देशों के फाइटर जेट एएमसीए जितने सक्षम और एडवांस नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि एएमसीए भारत की महत्वकांक्षाओं की भावी योजना को दिखाता है, जबकि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देश अपने छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट को लेकर जो बातें कर रहे हैं, वो जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती हैं, इससे पता चलता है कि उनकी महत्वकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच कितना फर्क है।

छठी पीढ़ी के विमान बेंचमार्क पर लड़खड़ाते दिख रहे

भारत का एएमसीए 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम

एएमसीएम में डेटा फ्यूजन और एआई जैसी क्षमताएं



### फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन भी नहीं बना पाए

*अधिकारी ने कहा कि छठी पीढ़ी हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका और चीन की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो लंबी दूरी की क्षमताओं का वादा करते हैं, लेकिन वे उस बेंचमार्क पर लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। वह अभी तक फंक्शनल वैरिएबल साइकिल इंजन (वीसीई) का प्रदर्शन नहीं बना सके हैं, जो छठी पीढ़ी लड़ाकू विमानों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वीसीई को छठी पीढ़ी प्रोपल्शन का अहम हिस्सा माना जाता है, जो हमला करने के लिए हवा के प्रवाह को गतिशीलता के साथ समायोजित करता है। इससे उसकी अटैक रेंज 30 पर्सेंट तक बढ़ जाती और सुपीरियर थर्मल मैनेजेंट भी कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन में से कोई भी एक फंक्शनल वीसीई का प्रदर्शन नहीं कर सका है।*

### बड़े देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे


उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक एक्सए 100 की टेस्टिंग कर रहा है, जबकि चीन तो अपने पांचवी पीढ़ी के जे-20 के डब्ल्यूएस-15 इंजन में ही उलझा हुआ है तो छठीं पीढ़ी के विमानों की बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि ये देश पुराने इंजनों के साथ उड़ान भर रहे हैं। भारत का 5.5 पीढ़ी वाला एएमसीए 2028 तक अपनी पहली फ्लाइट भर लेगा। अमेरिका ने साल 2020 में नेक्स्ट जेनरेशन एयर डोमिनेंस (एनजीएडी) प्रोग्राम के तहत एक प्रोटोटाइप की उड़ान भरी थी, जिसे नेक्स्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट का बताया गया था। हालांकि, उसके इंजन की डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं।

### विकसित देशों की बातें हवा-हवाई

उधर, चीन के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की चर्चा पिछले साल तब शुरू हुई थीं, जब उसने एक उड़ान भरते हुए लड़ाकू विमान का वीडियो जारी किया था, जिसमें टेल नहीं थी। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई कि वह नेकेस्ट जेनरेशन एयरक्राफ्ट तैयार कर रहा है। यूरोपीये देशों में भी छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट की होड़ लगी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन मिलकर इस काम में जुटे हुए हैं। ब्रिटेन के ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम (जीसीएपी) और फ्रैंको-जर्मन-स्पेनिश फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) छठी पीढ़ी के वीसीई को मिलकर विकसित कर रहे हैं। अधिकारी का कहना है कि छठी पीढ़ी के विमानों के निर्माण को लेकर विकसित देशों की बातें हवा-हवाई प्रतीत होती हैं। इन देशों के छठी पीढ़ी एयरक्राफ्ट एएमसीए जितने क्षमतावान और समर्थ नहीं होंगे। ये न तो 27 टन के साथ उड़ान भरने में सक्षम होंगे और न ये डेटा फ्यूजन और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी क्षमताओं से सुसज्जित होंगे, जो पहले से ही हमारे रोडमैप का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### मंजूर किया आइसलैंड की मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा



**लंदन।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। 58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया।

### पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज



**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बता दें, राष्ट्रपति यून सुक येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया था। जिसके बाद उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसदीय सलाहकार समिति के समक्ष दी जानकारी

# पीएम मोदी से मिलना चाहते हैं यूनुस, बिम्सटेक सम्मेलन में द्विपक्षीय वार्ता का किया है अनुरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक के लिए बांग्लादेश की अपील पर विचार कर रही है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक संसदीय समिति की बैठक में सभी सदस्यों को दी है। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों की संसदीय सलाहकार समिति की शनिवार को इस वर्ष की पहली बैठक में कई सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर चिंता जताई और पूछा कि भारत इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है। तब जयशंकर ने सदस्यों को बताया कि ढाका की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंदुओं पर हमले 'राजनीति से प्रेरित' थे और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर' नहीं किए गए थे। जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या बिम्सटेक बैठक में पीएम मोदी की यूनुस से द्विपक्षीय बातचीत होने के आसार हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि युनूस का अनुरोध विचाराधीन है। बैठक में इससे पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भारत के बांग्लादेश, म्यांमार, मालदीव और श्रीलंका से संबंधों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं पीएम मोदी

*भारत बिम्सटेक को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है*

### भारत सरकार अंतरिम सरकार के समक्ष मुद्दे उठा रही



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, मुकुल वासनिक और शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई दलों के सांसदों ने बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और उसे रोकने के संबंध में उठाए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न स्तरों पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन से संपर्क जारी है और इन मुद्दों को उठाया गया है। सरकार आगे भी ऐसा करना जारी रखेगी। इस बैठक में कमोबेश सभी सांसदों ने बांग्लादेश के मुद्दे को भी चर्चा का मुख्य बिंदु बनाए रखा।



### सार्क से ज्यादा प्रभावी होगा बिम्सटेक

भारत बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक मजबूत आर्थिक और रणनीतिक गठजोड़ के रूप में विकसित कर रहा है। यह सार्क की तुलना में अधिक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। बता दें कि भारत बांग्लादेश में स्थिरता और लोकतंत्र को मजबूत करने के पक्ष में है,लेकिन, भारत यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतें हावी न हों।

### पाकिस्तान की वजह से सार्क निष्क्रिय

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के रवैये के कारण सार्क/दक्षेस (दक्षिण एशिया सहयोग संगठन) निष्क्रिय है और इसलिए भारत बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि पीएम मोदी दो से चार अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन बैठक में उन्होंने अपनी यात्रा की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि वह बाद में पाकिस्तान और चीन के बारे में अलग से बात

### पीएम मोदी श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

*पीएम मोदी ने सांसदों को बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा पर भी जा रहे हैं। कुछ सांसदों ने पाकिस्तान व म्यांमार में नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी पर भी सवाल किए। बता दें, बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली है और तब से लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं का संहार बांग्लादेश में जारी है और पाकिस्तान की शह पर वहां भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में सैंकड़ों हिंदुओं की हत्या की गई है।*

## कठुआ मुठभेड़ पर बोले सीएम अब्दुल्ला

# लोगों के सहयोग के बगैर आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सहयोग दे रही है। विधानसभा में दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह (सुरक्षा) सीधे तौर पर हमारी जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मैं बार-बार कह रहा हूं कि लोगों के सहयोग के बिना आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारी सरकार स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति बनाए रखने के लिए उपराज्यपाल का भी सहयोग

### सीमावर्ती गांवों में अभियान जारी

सीएम ने कहा कि अभियान सीमावर्ती गांव में चल रहा है और संभव है कि वे सीमा पार से आए हों। उन्होंने कहा कि इस पर अभी कोई बयान देना जल्दबाजी होगी। आतंकवादियों द्वारा कठुआ और बिलावर को बार-बार निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां देखी गई हैं, जैसा कि हमने राजौरी, पुंछ और कई अन्य इलाकों में देखा है। बता दें, जम्मू के कठुआ जिले में रविवार देर शाम आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई। जिले में घने जंगलों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त कमांडो, ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से ऑपरेशन को और तेज किया है।

### मौके पर पहुंचे एनएसजी कमांडो

जंगल की आड़ में छिपे आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए एनएसजी कमांडो को लाया गया है। हीरानगर के सन्याल में पांच आतंकियों को देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दो समूहों में पांच से छह आतंकवादी शनिवार को घुसपैठ कर सकते हैं। गांव की महिलाएं लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान आतंकवादियों को देख चुकी हैं। कठुआ जिला पिछले एक साल से पाकिस्तान आधारित आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख घुसपैठ मार्ग बन गया है। इस क्षेत्र में हाल के महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।


इजराइली सेना का गाजा में हमला

# अस्पताल के अंदर रह रहे हमास के दो प्रमुख कमांडरों को मारा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइली रक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल में हमला करके दो प्रमुख हमास कमांडर को मार डाला। इजराइली रक्षा बल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में नासिर अस्पताल के अंदर से काम कर रहे दो प्रमुख हमास कमांडरों को मारा गया। यह हमला खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सटीक हथियारों के साथ किया गया था। इजराइली सेना ने हमास पर नागरिक स्थलों का ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। सेना ने कहा कि हमास गाजा की आबादी को खतरे में डालकर नागरिक बुनियादी ढांचे का दोहन करता है। एक अस्पताल का उपयोग घातक हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए आश्रय के रूप में करता है। यह सीधे तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करना है। सेना ने कहा कि हमास के गाजा ब्रिगेड के डिप्टी कमांडर और हमास के शेजैया बटालियन कमांडर की हत्या कर दी गई।

### नेतन्याहू के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष, गृह युद्ध की आशंका



इजराइल देश में अब गृह युद्ध की आशंका है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार के खिलाफ लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। अगर इजराइली सरकार देश के शीर्ष कानूनी और सुरक्षा अधिकारियों को हटाने पर अड़ी रहेगी तो सांविधानिक संकट पैदा हो सकता है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा सेवा) के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने इस कदम को उठाने के पीछे हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफलता के कारण का हवाला दिया।

### अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया


नेतन्याहू की सरकार ने अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वे सरकार के एजेंडे में बाधा डाल रहे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब शिन बेट नेतन्याहू के कार्यालय में संभावित घुसपैठ की जांच कर रही है। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार का मुकदमा भी चल रहा है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव के कारण इजराइल में तनाव बढ़ने का खतरा है।

## रिपलिंग के शंकर ने पत्नी पर लगाए आरोप

# बेटे का किया अपहरण, उसके अवैध संबंध भी, तलाक के लिए बड़ी राशि मांग रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चेन्नई के टेक आंत्रप्रेन्योर प्रसन्ना शंकर इन दिनों चर्चा में हैं। हाल के दिनों में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी कहानी को साझा किया है। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक पोस्ट में दावा किया कि वह अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी पत्नी अब तलाक के लिए एक बड़ी राशि की डिमांड कर रही हैं। शंकर ने यह भी दावा किया कि उनकी पत्नी चेन्नई पुलिस के साथ मिलकर उन्हें परेशान कर रही है। शंकर सिंगापुर बेस्ड क्रिप्टो सोशल नेटवर्क पीपीएलडॉटकॉम के संस्थापक हैं। इससे पहले वह रिपलिंग नाम की एक कंपनी की भी स्थापना



कर चुके हैं। प्रसन्ना ने बताया कि पत्नी के अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उल्टा उनकी पत्नी ने उन पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना का आरोप लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। पत्नी ने भारत की बजाय अमेरिका में तलाक की अर्जी दी। कहा कि उनकी पत्नी ने उनके 9 साल के बेटे के अमेरिका में छुपाए रखा। इसी वजह से उन्होंने अपनी पत्नी के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया। बाद में अमेरिकी अदालत ने प्रसन्ना के पक्ष में फैसला सुनाया था।

कनाडा में 28 अप्रैल को होंगे आम चुनाव

# पीएम बोले- ट्रंप से निपटने मजबूत जनादेश दें, टैरिफ वार बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा में आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए देश के नए पीएम मार्क कार्नी और उनके प्रतिद्वंद्वी एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। ट्रंप की ओर से कनाडा की संप्रभुता को पैदा किए गए खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में दोनों ने यह बयान दिया है। कार्नी ने घोषणा की कि 28 अप्रैल को मतदान से पहले पांच सप्ताह तक चुनाव प्रचार अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहते हैं।

### ईयू के साथ किया व्यापार समझौता



कार्नी ने बताया कि उन्होंने पीएम पद की शपथ लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ नए राष्ट्रीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ संबंधों को मजबूत करने का काम किया, यूरोपीय यूनियन के साथ नए व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की। आज युवाओं को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन फिर भी उन्हें किराया देने और अपने बच्चों के लिए बचत करने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अमेरिकियों से लड़ने, ट्रंप के टैरिफ से निपटने और कनाडा की अर्थव्यवस्था को ठीक

## शिमला एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# पायलट को लगाने पड़े इमरजेंसी ब्रेक उपमुख्यमंत्री और डीजीपी भी थे सवार

एजेंसी ▶▶ शिमला

शिमला स्थित जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली से शिमला आ रही एलायंस एयर की एटीआर फ्लाइट लैंडिंग के दौरान असंतुलित हो गई और रनवे पर सही दूरी तय नहीं कर पाई। विमान अपेक्षा से काफी आगे उतर गया, जिससे अंतिम छोर पर पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। इस घटना में विमान में सवार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और अन्य यात्री भी



मौजूद थे। विमान में अचानक हुई इस परेशानी के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पायलट और क्रू मेंबर्स की सूझबूझ और अनुभव के कारण विमान को सुरक्षित रूप से रोक लिया गया। विमान की लैंडिंग को लेकर एलायंस एयर ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए धर्मशाला जाने वाली अगली फ्लाइट को रद्द कर दिया और अन्य उड़ानों पर भी अस्थायी रोक लगा दी।

## सऊदी अरब में यूक्रेन जंग रोकने को लेकर अमेरिका-रूस ने की दोबारा बातचीत

# जल्द शांति और सुरक्षा को मजबूत करने की कर रहे पैरवी


एजेंसी ▶▶ रियाद

यूक्रेन जंग रोकने को लेकर सऊदी अरब के रियाद में अमेरिका और रूस की बैठक जारी है। इससे पहले अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेन के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी। दोनों अधिकारियों ने पावर प्लांट्स की सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की। अमेरिका यूक्रेन को पहले ही प्रस्ताव दे चुका है कि वह पावर प्लांट्स (ऊर्जा ठिकानों) की सुरक्षा के लिए उन्हें अमेरिका को सौंप दे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक बयान में बताया कि बातचीत काफी उपयोगी रही। यूक्रेन के रक्षामंत्री रुसतेम उमेरोव के मुताबिक इस बातचीत का मकसद जल्द शांति और सुरक्षा को मजबूत करना है। इन सब पर सोमवार को तकनीकी बातचीत हुई। वहीं जेलेंस्की ने अपने सहयोगी देशों, खासतौर से अमेरिका से पुतिन को हमले रोकने के लिए आदेश देने के लिए कहा।

**जेलेंस्की की गुहार, पुतिन को हमले रोकने का दें सभी देश आदेश**

**अब रूस के नियंत्रण में यूक्रेन का 20 प्रतिशत जमीनी हिस्सा**

### काला सागर में जहाजों की सुरक्षा पर चर्चा



यूक्रेन जंग के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के अधिकारियों के बीच जारी बैठक में ब्लैक सी (काला सागर) में जहाजों की सुरक्षा के मुद्दे पर बात हुई। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने यह जानकारी दी। इससे पहले पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत की थी। इस दौरान ट्रंप ने दोनों नेताओं से एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले न करने के लिए कहा था। हालांकि, इस बातचीत में स्पष्टता की कमी की वजह से यह समझौता लागू नहीं हो पाया। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों पर हमले भी किए।

### सैनिकों की अदला-बदली कर चुके हैं रूस-यूक्रेन

पिछले 2 महीनों से सीजफायर को लेकर जारी बातचीत के दौरान रूस-यूक्रेन ने पिछले हफ्ते एक-दूसरे की कैद में मौजूद सैनिकों की अदला-बदली की। दोनों के बीच 175 कैदियों की अदला-बदली हुई। इसके अलावा रूस ने गंभीर रूप से घायल 22 यूक्रेनी सैनिकों को भी रिहा किया। रूस बीते तीन साल में यूक्रेन का लगभग 20% हिस्सा हथिया चुका है। राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के चार पूर्वी प्रांत डोनेट्स्क, लुहांस्क, जापोरिज्जिया और खेरसॉन को रूस में शामिल कर चुके हैं। जबकि रूस के कुर्स्क इलाके में दोनों सेनाओं में संघर्ष जारी है।



डॉ. यादव ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

# जामसांवली सहित मप्र में 13 अलग-अलग लोक निर्माण कार्य से धार्मिक, पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावाः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



मप्र में हो रहा है तेजी से विकास

## प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कदम उठाए

सीएम ने कहा कि मप्र में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा।

## किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जाएगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में चमत्कारिक हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या-पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नाना भाउ मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आम जन उपस्थित थे।

---

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम

# सदियों पुराना है मप्र और बिहार का नाता भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित

1 मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, बिहार के मंत्री सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

2 सीएम डॉ. मोहन की घोषणा, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पार्क बनेगा, उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत रविवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पार्क बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में भले ही 1912 में अस्तित्व में आया हो, लेकिन मध्यप्रदेश से उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें यह बताते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित है। बिहार के क्षत्रियों में उज्जैनिया ठाकुर के नाम वाली भी एक शाखा है, जो उज्जैन से बिहार के घनिष्ठ संबंधों को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का इकलौता राज्य है जिसका नाम वृंदावन बिहारी यानी भगवान कृष्ण के नाम पर है।






## भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मप्र के लिए भी बड़ी ताकतः प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की दुनिया को शिक्षा देने वाले बिहार ने लोकतंत्र को बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कांग्रेस पार्टी ने जब देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर प्रहार किया तो जयप्रकाश नारायण ने ही लोकतंत्र बचाने की अलख जगाई और उनके आह्वान पर ही देशभर में आंदोलन शुरू हुआ। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकली सोच को ही आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सेवा करने में जुटे हैं। बिहार के लोग देश के हर कोने में मिलेंगे और अपनी योग्यता व कर्मठता से देश व समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए भी बड़ी ताकत हैं। भोपाल में भोजपुरी समाज से आने वाले सुरेन्द्र नाथ सिंह तीन बार भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे। वे विधायक भी रहे हैं। वर्तमान में भोपाल के जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति भी भोजपुरी समाज से आते हैं। मप्र के गठन के बाद से आज तक देखा जाए तो भोपाल के अधिकांश कलेक्टर और एसपी बिहार और भोजपुरी समाज से ही रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में हैः राजू कुमार

बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि पूरा हिंदुस्तान जानता है कि बिहार ज्ञान की भूमि और तपोभूमि रही है। यहां एक से बढ़कर योग योद्धा, वीरपुरूषों ने जन्म लिया। बिहारी जब भी हिंदुस्तान के किसी भी कोने में जाता है तो हमारी परम्परा, संस्कृति और देश के प्रति समर्पण के लिए अतिथि देवो भवः की भावना के साथ मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में हैं। हर कोई चैन से सांस ले सकता है। मुझे याद है 1990 में 15 अगस्त पर हॉस्टल में तिरंगा फहराया था तो मुझे पुलिस उठाकर ले गई थी और दो दिन बाद पुलिस ने मुझे छोड़ा था। आज वही हिंदुस्तान है, जहां हाथ में झंडा लेकर वीडियो कॉल करके मेरा बेटा दिखाता है कि मैं शिमला की सड़कों पर वंदे मातरम गा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की ताकत बढ़ी है।

## भोपाल में बिहार फाउंडेशन की स्थापना के लिए सौंपा ज्ञापन



बिहार फाउंडेशन भोपाल में स्थापित करने बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री राजू कुमार सिंह को भोजपुरी एकता मंच के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौपा गया। भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोपाल में भोजपुरी मैथिली, अंगिका, मगही, भाषा बोलने वालों की भोपाल में संख्या साढ़े 3 लाख है और पूरे मध्यप्रदेश में 35 लाख। भोपाल सहित पूरे मध्य प्रदेश में साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए और भव्य रूप से बिहार दिवस मनाया जा सके, इसके लिए बिहार फाउंडेशन की स्थापना की मांग राजा भोज एयरपोर्ट पर ज्ञापन सौंपकर बिहार के राजू कुमार सिंह से मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, कौशल झा, राजेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, जेपी प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद सिंह, राजू मीणा, राहुल राजपूत आदि उपस्थित रहे।

---

बोरवेल के पानी की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण नहीं

# भूजल में मैग्नीशियम, क्लोराइड नाइट्रेट खनिजों की मात्रा अधिक

सीएजी की लेखा परीक्षा में स्थानीय निकायों में गंभीर खामियां उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के खंडवा, मंदसौर, रतलाम, सतना सहित कई जिलों में वित्तीय वर्ष 2022 में स्थानीय निकायों में सीएजी के लेखापरीक्षा में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार नगरीय स्थानीय निकायों ने जल आपूर्ति, सफाई और रसायनों के भंडारण में केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की नियमावली का पालन नहीं किया।

यह रिपोर्ट 458 पृष्ठों में 45 नगरीय स्थानीय निकायों के विश्लेषण पर आधारित है। सीएजी ने लेखापरीक्षा में पाया कि चयनित 14 नगरीय स्थानीय निकायों में से 11 में 1,204 बोरवेल (मार्च 2022 तक) के माध्यम से जल आपूर्ति की गई, लेकिन किसी भी बोरवेल के पानी की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण नहीं किया गया। भूजल में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, क्लोराइड, नाइट्रेट जैसे घुलित खनिजों की अधिक मात्रा मानव, पशु और पौधों के लिए हानिकारक थी। फिर भी, इन निकायों ने उपभोक्ताओं को आपूर्ति किए जा रहे पानी की गुणवत्ता का आकलन नहीं किया।

### इन जिलों में कुछ इस तरह की गड़बड़ी पाई गई

खंडवा जिले में शिकायत मिलने पर ही परीक्षण किए गए। किंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जबकि जिले के पांच निकायों में कोई परीक्षण नहीं हुआ। इसी तरह मंदसौर और नरसिंहगढ़ में परीक्षण का दावा किया, लेकिन सबूत नहीं दिए। महाराजपुर और इछावर नगरीय निकायों में क्रमशः 12 और 4 परीक्षण रिपोर्ट सौंपी। किंतु सतना जिले से कोई ठोस जवाब नहीं मिला। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकाय में योग्य कर्मियों के साथ प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं और ओवरहेड टैंकों (ओएचटी) व वितरण लाइनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके जवाब में पाया गया कि तीन निकायों में उचित भंडारण के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

### चूने और फिटकरी का अनुचित भंडारण किया गया

इन निकायों में गड़बड़ी एक बानगी कुछ इस तरह से रही। इसमें सीपीएचईईओ नियमावली 2005 के अनुसार चूने और फिटकरी को ठंडी, सूखी जगह पर संग्रहित करना अनिवार्य है। नमी के संपर्क में आने से इनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है। किंतु मई 2022 से जनवरी 2023 के बीच 10 नगरीय स्थानीय निकायों के जल शोधन संयंत्रों के निरीक्षण में पाया गया कि 6 निकायों में फिटकरी, चूना और ब्लीचिंग पाउडर नम स्थानों या बिना दरवाजे-खिड़कियों वाले कमरों में रखे गए, जिससे गुणवत्ता खराब हुई।

### सीएजी ने निष्कर्षों के बाद यह सुझाव दिया

सीएजी ने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में चेतावनी दी कि जल आपूर्ति और शुद्धिकरण में यह खामियां जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित जल परीक्षण और सीपीएचईईओ नियमावली का पालन सुनिश्चित करना समय की मांग है। नगरीय स्थानीय निकायों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करें।

(नोट- यह खबर सीएजी लेखापरीक्षा के तथ्यों पर आधारित है)

---

नक्सल प्रभावित क्षेत्र है बेडमाकोटी, सुरक्षा बलों की बढ़ेंगी चुनौतियां

# उपलब्धिः अबूझमाड़ के बेडमाकोटी में आईटीबीपी का नया कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




भारत सरकार के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को साकार करने की दिशा में आईटीबीपी (इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस) ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में बेडमाकोटी में एक नया कैंप स्थापित किया है।

यह कैंप कुतुल से लगभग 5 किमी आगे स्थित है और इसे सुरक्षा बलों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कोण्डागांव स्थित 41वीं वाहिनी, आईटीबीपी ने डीआईजी राणा युद्धवीर सिंह (सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय, भुवनेश्वर) के नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बेडमाकोटी नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां सुरक्षा बलों के लिए चुनौतियां लगातार बनी रहेंगी। इसके बावजूद, यह कैंप न केवल नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होगा, आईटीबीपी भारत सरकार के नक्सल उन्मूलन मिशन के तहत, अबूझमाड़ क्षेत्र में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। नए कैंपों की स्थापना से न केवल सुरक्षा बलों की पकड़ मजबूत हो रही है, बल्कि यहां के ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। आईटीबीपी के हिमवीर न केवल क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय जनता को भारत सरकार और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। इस निरंतर उपस्थिति से नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगा है, जिससे आम जनता अब खुद को पहले से अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस कर रही है। डीआईजी राणा युद्धवीर सिंह ने कहा कि आईजी ओपी यादव (सेंट्रल फ्रंटियर, आईटीबीपी) के निरंतर मार्गदर्शन के कारण यह अभियान सफल रहा। उन्होंने 41वीं वाहिनी के सेनानी नरेंद्र सिंह और उनके हिमवीरों को बेडमाकोटी कैंप की सफल स्थापना पर बधाई दी। इसके साथ ही, उन्होंने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कांकेर रेंज डीआईजी अमित कामले, नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीआरजी और छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमों को इस अभियान में उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर 53वीं वाहिनी के सेनानी अमित भाटी और 45वीं वाहिनी के सेनानी राजीव गुप्ता भी उपस्थित रहे।

---

सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों के स्थाई अधिग्रहण का उठाया था मुद्दा

# भाजपा विधायक मालवीय को शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम जिले के आलोट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय को प्रदेश भाजपा ने शो-कॉज नोटिस जारी किया है। आलोट विधायक ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों के स्थाई अधिग्रहण को लेकर अपने ही सरकार को घेरा था। इसके बाद यह जानकारी भाजपा में भी उच्च स्तर तक पहुंची। इसके बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने मालवीय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके लिए उन्हें जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है।

नोटिस में मालवीय को संबोधित करते हुए लिखा गया है कि पिछले कुछ समय से आपके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है। आपके वक्तव्यों व कृत्यों से लगातार पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है। आपके इस आचरण से सरकार और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, इसलिए सूचित किया जा रहा है कि इस पत्र की प्राप्ति के 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण दें, क्यों न आपके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाए। दरसल पूरा मामला यह है कि विधानसभा में भाजपा विधायक मालवीय ने बोला था कि 2 हजार करोड़ रुपए उज्जैन सिंहस्थ के लिए रखे हैं, लेकिन उज्जैन का किसान परेशान है, क्योंकि सिंहस्थ के नाम पर उसकी जमीन पहले केवल 3-6 महीनों के लिए अधिग्रहित की जाती थी, लेकिन आज उन्हें स्थाई अधिग्रहण का नोटिस दिया गया है। पता नहीं किस अधिकारी ने यह विचार रखा है कि आध्यात्मिक नगरी बनाएंगे, हम क्रांक्रीट के भवन बनाकर स्पिरिचुअल सिटी नहीं बना सकते हैं।

---

# विश्व जल दिवस 2025 पर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अदाणी फाउंडेशन विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर जल संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है। इस वर्ष की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' है, जो इस बात पर बल देती है कि ग्लेशियरों का संरक्षण जल सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्लेशियर पृथ्वी के मीठे जल के सबसे बड़े स्रोत हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण ये तेजी से पिघल रहे हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव नदियों के प्रवाह और जल स्रोतों की स्थिरता पर पड़ रहा है, जिससे जल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में, जल संरक्षण के स्थानीय प्रयास वैश्विक जल सुरक्षा को सुदृढ़ बना सकते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम कर सकते हैं। वर्ष 2022-23 से समुदाय के साथ मिलकर तालाबों के पुनरुद्धार का कार्य शुरू किया गया है। इन प्रयासों के तहत कुल 51 गांवों के 53 तालाबों में जल संग्रहण क्षमता को बढ़ाकर 3.8 लाख घन मीटर से अधिक किया गया है। राजस्थान जैसे शुष्क और जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों के लोगों और जानवरों के लिए जल की उपलब्धता जीवनदायिनी है। जल संकट के कारण न सिर्फ मानव जीवन प्रभावित होता है, बल्कि पशु-पक्षियों और वन्यजीवों के लिए भी यह एक गंभीर चुनौती है।

---

चाकू की नोंक पर लूट करने वाले आरोपी धराए

# रास्ता पूछने के बहाने ऑटो में बैठाकर दिया था लूट को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में चाकू की नोक पर चार बदमाशों ने तहसीलदार से लूटपाट की थी। इस मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी दुर्ग के जामुल-खुर्सीपार के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम चाकू बरामद किया गया है।

2 दिन पहले शाम के वक्त रास्ता पूछने के बहाने ऑटो में बैठाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपी लूट के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि, तहसीलदार आशुतोष शर्मा बालोद शहर के मधु चौक के स्टेट बैंक पास टहलने निकले थे। तभी चार अज्ञात लोग ऑटो में सवार होकर आये और रास्ता पूछने के बहाने ऑटो में बिठाया। कुछ दूर ले जाकर उन्होंने चाकू दिखाकर पर्स में रखे हुए 6 हजार रुपये और अन्य आइडेंटी कार्ड लूट लिए। लूट के बाद उन्होंने तहसीलदार को ऑटो से नीचे धकेल दिया और फरार हो हो गए।



जिसके बाद तहसीलदार आशुतोष शर्मा सिटी कोतवाली थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफ़आईआर दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। खुलेआम इस लूट ने शहर की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

---

छग विधानसभा के रजत जयंती समारोह का था मौका

# विधानसभा परिसर में राष्ट्रपति ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचीं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, महापौर मीनल चौबे, रमेश बैस, सरोज पाण्डे, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति ने विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधरोपण किया। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर 2024 को रायपुर आई थीं। 25 अक्टूबर को रायपुर एम्स और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी एनआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई थीं। 26 अक्टूबर को रायपुर के जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद भिलाई के आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत की थीं।

### मुसाफिरों के लिए यातायात संबंधी एडवाइजरी

राष्ट्रपति से आने से पहले ही ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी गई थी। सुबह 10 से 1 बजे के बीच फ्लाइट से जाने वाले यात्रीगण एयरपोर्ट टर्निंग से बटालियन होते ओल्ड टर्मिनल का उपयोग कर सकते हैं। एयरपोर्ट एवं विधानसभा से मन्दिरहसोद और नव रायपुर अटल नगर की ओर जाने वाले कुछ समय एक्स्ट्रा लेकर निकल सकते हैं। साथ ही विधानसभा से मन्दिर हसोद नवा रायपुर अटल नगर जाने वाले विधानसभा चौक से शहर की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग करें। राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान रिंग रोड नंबर तीन के दोनों और रोका जायेगा।

---

कटघोरा स्थित दुर्गा मंदिर इलाके की घटना

# मजदूरी करने वाली महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा थाना अंतर्गत दुर्गा मंदिर के सामने किराए के मकान में एक महिला की संदिग्ध हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि घर के पीछे बाड़ी में उसकी लाश पाई गई है। जहां ग्रामीणों की नजर पड़ने पर इसकी सूचना तत्काल कटघोरा थाना पुलिस को दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। जहां आगे की जांच कार्यवाही जारी है। बताया जा रहा है मृतका का नाम लता बाई है, जो एतमानगर डूमरमुडा निवासी है। मृतका लता कटघोरा थाना अंतर्गत दुर्गा मंदिर के सामने किराए के मकान पर अकेले रहती थी। जहां मजदूरी का काम कर जीवन यापन कर रही थी। मृतका किराए के मकान से कुछ ही दूरी पर निर्माणाधीन मकान में मजदूरी का काम कर रही



थी। सोमवार की सुबह जब लोग उसके घर के पास से गुजर रहे थे। तब लोगों की नजर उसे पर पड़ी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि घर के दरवाजे खुले हुए मिले। वहीं घर की चौखट और घटनास्थल के पास ईंट में खून के निशान पाये गए है। इन सबसे मामला और भी संबंधित लग रहा है। फिलहाल, कटघोरा पुलिस आगे के जांच कार्यवाही जुट गई है। पहचान कराने के बाद उसके परिजनों को इसकी सूचना दी जा रही है। जहां बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसकी मौत कब कैसे और किन परिस्थिति में हुई होगी। यह भी जांच का विषय है।

25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया जा रहा

# पुस्तक मेला आज से: रियायती दरों पर मिलेंगी स्कूली विद्यार्थियों को पुस्तकें, यूनिफार्म एवं शैक्षणिक सामग्री





**जबलपुर।** स्कूली बच्चों को रियायती दरों पर पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में आज 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक मेला का शुभारम्भ शाम 6 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह करेंगे। बारह दिनों का यह पुस्तक मेला शनिवार एवं रविवार को दोपहर 12 से रात 10 बजे तक तथा शेष दिवसों में शाम 4 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष लगाए जा रहे पुस्तक मेला के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। मेले में एक ही स्थान पर सभी निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें, कॉपियाँ, यूनिफार्म, स्कूल बैग एवं अन्य सभी जरूरी शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए मेले में लगभग 50 स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष भी निजी स्कूलों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की साठ-गाँठ से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को राहत दिलाने पुस्तक मेला का आयोजन किया गया था। जिसकी प्रदेश के साथ-साथ देश भर में चर्चा हुई थी और इसे काफी सराहा गया था। प्रदेश में पहली बार जबलपुर में लगाए गए इस पुस्तक मेला के सफल आयोजन को नजीर मानकर अन्य जिलों द्वारा भी पुस्तक मेला लगाने की शुरुआत की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा इस बार के पुस्तक मेला को और अधिक वृहद स्वरुप दिया गया है। सभी निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें मेले में उपलब्ध हों इसके लिए काफी समय पहले ही उनके यहाँ नए शैक्षणिक सत्र में लागू की जाने वाली किताबों की सूची प्राप्त कर ली गई थी और उसे पुस्तक विक्रताओं को उपलब्ध करा दिया गया था।

गोलबाजार शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से लगाए जा रहे बारह दिनों के पुस्तक एवं गणवेश मेला में पुरानी पुस्तकों के आदान-प्रदान के लिए बुक बैंक का स्टॉल भी लगाया जा रहा है। बुक बैंक में विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें दान कर सकते हैं। बुक बैंक के व्यवस्थित संचालन के लिए सभी विद्यालयों एवं नागरिकों से पुरानी पुस्तकों का संकलन किया गया है। अभी तक लगभग 10 हजार पुस्तकों संकलन किया जा चुका है। मेलें में छात्र–छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग प्रदान करने के लिए भी स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके साथ ही पुस्तक मेले में फूड स्टॉलों के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए जा रहे हैं।

पुस्तक एवं गणवेश मेला में मेला अवधि के दौरान रोज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त सिंह ने पुस्तक मेला में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मेले के उद्घाटन दिवस पर प्रथम दिन कलाकारों द्वारा श्री गणेश वंदना एवं सरस्वती वन्दना की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, 26 मार्च को कीर्ति श्रीवास्तव एवं 27 मार्च को धीरज शर्मा एवं समूह द्वारा गायन कला का प्रदर्शन किया जाएगा। झील सिंह द्वारा नृत्य एवं लाइव पेंटिंग की प्रस्तुति 28 मार्च के कार्यक्रमों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी, तो वहीं 29 मार्च को कलाकारों द्वारा शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं भक्ति प्रधान विधाओं पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

पुस्तक मेले में कलाकारों द्वारा 30 मार्च को बेटी बचाओ एवं बेटी पढाओ पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा, 31 मार्च को जबलपुर के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का मंचन करती कलात्मक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इसी प्रकार 1 अप्रैल को कलाकारों द्वारा एकल एवं सामूहिक गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी तथा 2 अप्रैल को अयोध्या के राम एवं 3 अप्रैल को बेटी बचाओ बेटी पढाओ का सन्देश देती विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियां दर्शकों मंत्रमुग्ध करेंगी। पुस्तक मेले में 4 अप्रैल को भैरवी विश्वरूप एवं समूह तथा नव नृत्यांजली कला केंद्र द्वारा नृत्य प्रस्तुति और अंतिम दिन 5 अप्रैल को लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

-हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी के पक्ष में पारित किया अहम आदेश

# ड्राइवर के पास लाइसेंस नहीं तो वाहन मालिक से वसूलें राशि

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि यदि दुर्घटना में मृत ड्राइवर के पास लाइसेंस न पाया जाए तो वाहन मालिक से राशि वसूलने बीमा कंपनी स्वतंत्र है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि इससे पूर्व मृतक की पत्नी को अधीनस्थ अदालत द्वारा पारित मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए।



श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से अपील दायर की गई थी। जिसके जरिए दुर्घटना में मृत ड्राइवर की पत्नी के पक्ष में आयुक्त, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय, रीवा द्वारा पारित मुआवजा राशि के आदेश को चुनौती दी गई थी। बहस के दौरान अवगत कराया गया कि घटना में मृत ड्राइवर जबलपुर निवासी शिवकुमार रावत अनावेदक श्रीकांत सिंह के स्वामित्व वाले वाहन का ड्राइवर था। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, जो बीमा शर्तों का उल्लंघन है। शर्तों का उल्लंघन होने के कारण कंपनी पर बीमा राशि प्रदान करने का कोई दायित्व नहीं बनता।

हाई कोर्ट ने बीमा कंपनी के वकील राकेश कुमार जैन की दलीलें सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि ड्राईवर शिवकुमार रावत की मौत वाहन के पलटने से हुई थी अर्थात वाहन गति में था। वाहन चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस एक आवश्यक शर्त है। अनावेदक वाहन मालिक को ड्राइवर का लाइसेंस प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए थे। वाहन मालिक आदेश के बावजूद मृतक का ड्रायविंग लायसेंस पेश नहीं कर सका। वाहन मालिक ने कार्यवाही में भाग लिया था, इसलिए मृतक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होने के तथ्य को साबित करने का भार उस पर था। हाई कोर्ट ने बीमा कंपनी को मुआवजा राशि मृतक की पत्नी को प्रदान करने के आदेश दिया। हालांकि यह व्यवस्था भी दे दी कि बीमा कंपनी उक्त राशि वाहन मालिक से वसूलने स्वतंत्र है।

# मेडिकल कॉलेज में जन जागरूकता कार्यक्रम




**जबलपुर।** विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता पैदा करने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में मेडिकल कॉलेज के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन की अगुआई में पीजी छात्रों, चिकित्सा शिक्षकों, नर्सों एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ नवनीत सक्सेना ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये, उनका मार्गदर्शन किया तथा टीबी पर अपने अनुभव साझा किये। वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभागाध्यक्ष डॉ संजय भारती, डॉ अविनाश जैन, डॉ शुभम्-मिश्रा, डॉ आकाश गजेंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनिया सोलोमन एवं डॉ रुद्रिका भटेले ने किया। डॉ राघव ने टीबी उन्मूलन में आ रही कठिनाइयों तथा टीबी हेल्थ वर्कर मीना एवं सोनिया ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। नोडल क्षय अधिकारी डॉ बृज बिहारी पटेल ने टीबी उन्मूलन के प्रति मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन की प्रतिबद्धता दोहरायी। कार्यक्रम में वी शाइन फाउंडेशन की ओर से आस्था दीक्षित, नमिता शर्मा, सविता दुबे, डॉ अनुराग उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से टीबी मरीजों के परिजनों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्था में डॉ नितिन मांझी एवं डॉ पंकज शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ओवर टाइम कैलकुलेशन में अन्य भत्ते को समायोजित कर भुगतान करें

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने आयुध कर्मियों के पक्ष में सुनाया राहतकारी आदेश,

**जबलपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण( कैट )ने आयुध निर्माणी कर्मियों के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके अंतर्गत ओवर टाइम कैलकुलेशन में अन्य भत्ते को समायोजित कर भुगतान करने के निर्देश दिए गए ।इस आदेश के बाद एक जनवरी, 2006 से अब तक लगभग 19 वर्षों का एरियर कर्मचारियों को मिलेगा, जो कि प्रति कर्मचारी अनुमानित रकम डेढ़ से दो लाख रुपये अनुमानित है।

मामले के अनुसार, छटवें वेतन आयोग के बाद ओवर टाइम कैलकुलेशन में ट्रैवलिंग एलाउंस, हाउस रेंट एलाउंस और स्माल फैमिली एलाउंस को काट कर भुगतान किया जा रहा था। सर्वप्रथम कोर्डेक्ट फैक्ट्री, तमिलनाडु ने 2009 में चेन्नई हाई कोर्ट में इसके विरुद्ध याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने 2011 में कर्मचारियों के पक्ष में आदेश पारित करते हुए हुए तुरंत भुगतान करने का आदेश पारित किया था। तब से कोर्डेक्ट फैक्ट्री, तमिलनाडु के साथ-साथ तमिलनाडु स्थित सभी निर्माणियों में इसका लाभ देना शुरू कर दिया गया। परंतु देश की अन्य निर्माणियों को इसका लाभ नहीं मिला। इसके बाद देश के अन्य अन्य प्रदेशों में स्थित आयुध निर्माणी कर्मचारी संगठनों ने अपने अपने स्तर पर केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण में याचिका दायर की। कई जगह कैट के निर्णय अनुसार संबंधित आयुध निर्माणी के कर्मचारियों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। मध्य प्रदेश में पहली याचिका अप्रैल, 2021 में केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण, जबलपुर में ओएफके लेबर यूनियन द्वारा एक अप्रैल 2021 को दायर की गई थी। इसके बाद कामगार यूनियन, खमरिया ने कदम उठाया। इसके साथ ही एक-एक करके प्रदेश स्थित सभी निर्माणयों की एसोसिएशन के साथ-साथ सेवानिवृत कर्मचारियों के संगठनों ने याचिका दायर कर दी। लगभग चार वर्षों के इंतजार के बाद कैट द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में आदेश पारित किया गया। इस आदेश के बाद एक जनवरी, 2006 से अब तक लगभग 19 वर्षों का एरियर कर्मचारियों को मिलेगा, जो कि प्रति कर्मचारी अनुमानित रकम डेढ़ से दो लाख रुपये अनुमानित है। जीआईएफ मजदूर यूनियन, ओएफके संयुक्त संघर्ष समिति की लेबर यूनियन , कामगार यूनियन और एससीएसटी यूनियन ने इसे आयुध निर्माणी कर्मियों की बड़ी जीत निरूपित किया है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण नॉन अटेंडेंट होने पर लगेगा जुर्माना : सीईओ

**जबलपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। यदि कोई नॉन अटेंडेंट प्रकरण रहे तो पेनाल्टी के रूप में संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किये कि प्रति केस 1 हजार रूपये रेडक्रॉस में जमा करें। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। सीईओ गहलोत ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों से कहा कि वे खनिज रॉयल्टी शीघ्र जमा करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

# 4170 करदाताओं ने निगम खजाने में जमा किये 1 करोड़ 41 लाख रूपये

## अभी तक जमा हुये 83 करोड़ रूपये

**जबलपुर।** नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने सम्पर्क बनाकर रखे हैं। उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि आज 4170 करदाताओं ने 1 करोड़ 41 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर में 2500 करदाताओं ने 1 करोड़ 16 लाख रूपये, डोर टू डोर में 800 करदाताओं ने 7 लाख रूपये एवं जल शुल्क के रूप में 870 करदाताओं ने 18 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। श्री सनखेरे ने बताया कि अभी तक 16200 करदाताओं ने 83 करोड़ रूपये की राशि जमा की है, निर्धारित लक्ष्य 130 करोड़ रूपये है, शेष अभी 47 करोड़ रूपये की राशि करदाताओं से वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 7 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को सुबह 09:00 बजे से खोलने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी के द्वारा भी लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा की जा रही है, तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों को सख्ती के साथ वसूली के लिए निर्देश भी दिये हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के पूर्व अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा करेगी पौधारोपण

जबलपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आज मंगलवार 25 मार्च को प्रातः 10 बजे छट मैया मैदान, सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे अधारताल में पौधारोपण किया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष श रत्नेश सोनकर ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

मानसिक प्रताड़ना और अभ्यास की कमी का आरोप

# खिलाड़ियों ने किया खेल अधिकारी कार्यालय का घेराव

**जबलपुर।**

रानीताल खेल काम्पलेक्स स्थित मध्यप्रदेश तीरंदाजी एकेडमी में अभ्यास करने वाले बालक और बालिकाओं ने सोमवार को जिला खेल अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। खिलाड़ियों और उनके परिजनों ने तीरंदाजी प्रशिक्षक, तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी, और खेल अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद खेल अधिकारी आशीष पांडेय ने खिलाड़ियों को हो रही समस्याओं को जल्द हल करने का भरोसा दिलाया।

खिलाड़ियों ने इस दौरान आरोप लगाया कि उन्हें मध्यप्रदेश एमेच्योर तीरंदाजी संघ के पदाधिकारी डीके विद्यार्थी, प्रीति जैन, कोच अशोक कुमार और अरुणा सोंगरा द्वारा मानसिक रूप से प्रतिदिन प्रताड़ति किया जा रहा है। उनका कहना था कि पिछले दो महीने से वे तीरंदाजी का अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं और न ही किसी प्रतियोगिता में भाग ले पा रहे हैं, जिससे उनका खेल कैरियर बर्बाद हो रहा है।

खिलाड़ियों ने आरोप लगाया की कई बार ऐसे मौके आए जब प्रतियोगिता के लिए उनकी एंट्री ही नहीं भेजी गई, जिसके कारण वे प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित रह गए। यह स्थिति उनके खेल करियर के लिए बहुत ही नकारात्मक साबित हो रही है।

## मानसिक प्रताड़ना के आरोप

खिलाड़ियों के मुताबिक, उन्हें रोजाना ग्राउंड पर आकर लाइन अप कराया जाता है, लेकिन अभ्यास नहीं करने दिया जाता है। साथ ही, खेल अधिकारी द्वारा वीड आउट (निकालने) की धमकी भी दी जाती है, जिससे खिलाड़ियों का मानसिक दबाव और बढ़ रहा है। कोच अशोक कुमार यादव पर आरोप है कि वे बिना कारण खिलाड़ियों को ग्राउंड पर बैठाकर अभ्यास नहीं करने देते, जबकि कई बार खिलाड़ियों की गलती भी नहीं होती।

## खेल अधिकारी का बयान

घेराव के बाद जिला खेल अधिकारी आशीष पांडेय ने खिलाड़ियों की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि वे सभी मुद्दों को जल्द से जल्द हल करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल बना सके, ताकि तीरंदाजी के खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

खेल अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लेंगे और जल्द ही आवश्यक कदम उठाएंगे ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करने का सही माहौल मिल सके और उनके खेल करियर पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

यह घटना तीरंदाजी अकादमी के माहौल और खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती पेश करती है, और प्रशासन पर दबाव डालती है कि वे खिलाड़ियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए समाधान खोजें।

# आज लोक निर्माण मंत्री शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**जबलपुर।**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह 25 मार्च को प्रातः 11.30 बजे अशोक मनोध्या के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं देने उनके निवास स्थान गढ़ा जायेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंति पर गढ़ा पुरवा रोड स्थित लाल बिल्डिंग पर स्वास्थ्य शिविर एवं भंडारा में शामिल होंगे और दोपहर 12.15 से 2 बजे तक नागपाल गार्डन मदन महल स्थित कार्यालय में आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। सिंह शाम 5 बजे बंदरिया तिराहा से फ्लाई ओव्हर से जबलपुर महानद्दा रोड निर्माण व्हाईट टॉपिंग कार्य का भूमि पूजन छोटी लाईल फाटक पर करेंगे एवं शाम 5.30 बजे तारा सिंह महानद्दा से गुप्तेश्वर पान शॉप एवं गुप्तेश्वर बंदरिया तिराहा से एमजीएम स्कूल रेलवे क्रांसिंग मार्ग निर्माण का भूमि पूजन राधा स्वामी सत्संग भवन के पास इंदर स्कूटर रिपेयरिंग के पास गुप्तेश्वर वार्ड में करेंगे। मंत्री सिंह शाम 6 बजे शहीद स्मारक प्रांगण गोलबाजार में पुस्तक मेला का उद्घाटन करेंगे और शाम 6.30 बजे ओम मेन्स वेयर से वैशाली परिसर चौक तक चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन संत नगर पुलिया के पास ग्वारीघाट में करेंगे। मंत्री सिंह शाम 7 बजे ग्वारीघाट में इंडियन बैंक के पास मार्ग निर्माण का भूमि पूजन इंद्रपुरी टैगोर गार्डन में करेंगे एवं रात्रि 9 बजे स्टेमफील्ड स्पोर्टस पर विजय नगर में जीतो जबलपुर क्रिकेट लीग 2.0 में शामिल होंगे।

## संस्कारधानी की धरा पर निरंकारी संत समागम का हुआ भव्य आयोजन

# परमात्मा के प्रति हमारी भावना और विश्वास स्थिर रहने चाहिए

हरिभूमि जबलपुर।

संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में रविवार को जबलपुर में एक भव्य निरंकारी संत समागम का आयोजन हुआ] जिसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण एकत्रित हुए। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित की पावन छत्रछाया में सम्पन्न हुआ, जो अपने साथ आध्यात्मिकता, प्रेम और विश्वबंधुत्व का संदेश लेकर आए।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा के प्रति हमारी भावना और विश्वास स्थिर रहना चाहिए, जैसे समुद्र की लहरें किनारों को नहीं डुबा पातीं, उन्होंने समझाया कि हमें दूसरों की कमियों की बजाय उनके गुणों को देखना चाहिए और उनके लिए दुआ करनी चाहिए, तभी मानवता में सच्चा प्रेम उत्पन्न होगा। भक्ति किसी विशेष समय या स्थान की मोहताज नहीं, यह हर पल, अकेले या परिवार के साथ, कहीं भी की जा सकती है, बस परमात्मा को हमेशा प्राथमिकता देने की भावना होनी चाहिए।





### इंसान अपने विचार व कर्मों से बना है फरिश्ता

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने उदाहरण के माध्यम से समझाया कि जैसे अगर हम किसी पर गर्म कोयला फेंकते हैं तो पहले हमारे ही हाथ जलते हैं, वैसे ही किसी को दुःख देने का विचार ही करना स्वयं के लिए हानिकारक बनता है। इंसान अपने विचार और कर्मों से फरिश्ता भी बन सकता है और दानव भी, जैसे एक चाकू डॉक्टर के हाथ में जीवनदायी होता है और दुष्ट के हाथ में विनाशकारी।

### परमात्मा तो हमारे चारों ओर और भीतर भी विद्यमान हैं

निरंकारी राजपिता रमित ने अपने विचारों में कहा कि परमात्मा को सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है, वह केवल मंदिर, मस्जिद या तीर्थों तक सीमित नहीं, बल्कि सर्वत्र व्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि इंसान अक्सर परमात्मा को बाहरी रूपों में खोजता है, गुफाओं या पहाड़ों में ढूंढ़ता है, जबकि परमात्मा तो हमारे चारों ओर और भीतर भी विद्यमान हैं। राजपिता रमित ने बताया कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने के बाद इंसान जात-पात, अहंकार और मैं मेरी के भ्रम से मुक्त होकर विनम्रता, समर्पण और सेवा के भाव में जीवन जीता है।

### आयोजन स्थल हुआ भक्ति रस से सराबोर

इस संत समागम में भजन, कविताओं और महात्माओं के प्रेरणादायक विचारों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भक्तजन इन भावनात्मक प्रस्तुतियों से भावविभोर हो उठे। आयोजन के दौरान लंगर, चिकित्सा सेवा, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाएं अत्यंत सुचारू रूप से संचालित की गईं, जिसमें स्थानीय प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा।

### निरंकारी यूथ सिम्पोजियम

समागम से पूर्व दो दिवसीय निरंकारी यूथ सिम्पोजियम का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में युवाओं को आध्यात्मिकता से जुड़ने, सकारात्मक सोच अपनाने और सेवा की भावना विकसित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं छह आध्यात्मिक तत्वों पर आधारित इस सारगर्भित विचार सत्रों ने युवाओं को आत्मचिंतन, संतुलित जीवनशैली और उद्देश्यपूर्ण सोच की दिशा की ओर प्रेरित किया।

### आध्यात्मिक मिलन के साथ-साथ दिखा प्रेम और समर्पण-

समागम के समापन अवसर पर जबलपुर के जोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल ने सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता का हृदय से आभार प्रकट किया। इसके साथ ही समागम में सम्मिलित हुए सभी संतों, युवाओं और स्थानीय प्रशासन के समर्पित सहयोग के लिए भी धन्यवाद प्रकट किया। निःसंदेह यह संत समागम न केवल एक आध्यात्मिक मिलन था, बल्कि सेवा, समर्पण और प्रेम की भावना से परिपूर्ण एक दिव्य संगम था, जिसने हर हृदय को आत्मिक शांति और आनंद से भर दिया।

# श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी मां कर्मा की जयंती

**सिहोरा।** भक्त शिरोमणि मां कर्मा की 109वीं जयंती साहू समाज द्वारा बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जाएगी। खितौला साहू समाज द्वारा त्रिवेणी पैलेस खितौला बाजार में मां कर्मा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। रवि किरण साहू कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के मुख्यातिथ्य,किशोरी लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज खितौला की अध्यक्षता,दीपक साहू सरपंच सगोड़ी,राजेंद्र साहू सरपंच अमरगढ़ के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में शाम 6 बजे मां कर्मा की पूजा अर्चना की जाए अतिथियों के सम्मान एवं परिचय के साथ समाज के वरिष्ठ एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान संगीत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ प्रसाद वितरण एवं भंडारा आयोजित होगा। समाज के राजेश साहू,आशीष साहू,अरविंद साहू,सतीश साहू, मनोज साहू,वासुदेव साहू,सुनील साहू,अशोक साहू, पवन साहू,परशुराम साहू,दीपेश साहू,प्रिंस साहू ने सभी सामाजिक जनों से कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है।

# आम आदमी पार्टी ने मनाया अमर शहीदों का बलिदान दिवस




**सिहोरा।** आम आदमी पार्टी आप द्वारा आज शहीद दिवस पर सिहोरा विधानसभा कार्यालय मे शहीदे आजम भगतसिंह,सुखदेव,राजगुरु की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण सुभाष तिवारी,मुन्ना राय,संजय पाठक,संतोष वर्मा,जमुना प्रजापति,अमित विश्वकर्मा,अमजद मंसूरी, प्रवीण पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर परिषद ने हटाया अतिक्रमण



**मझौली।** नगर परिषद मझौली के वार्ड नंबर 12 में मछली मार्केट के पीछे अतिक्रमण किया गया। पिछले कई बरसों से अनावश्यक लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था कई बार नोटिस देने के बाद भी इन लोगों के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था आज नगर परिषद मझौली के द्वारा यह अतिक्रमण हटाया गया वार्ड नंबर 12 में कुल आठ लोगों के अतिक्रमण एवं वार्ड नंबर 1मे एक अतिक्रमण है जिसमें वार्ड 12 में पांच लोगों का अतिक्रमण हटाया गया बाकी को एक सप्ताह का समय दे दिया गया इस मौके पर उपस्थित प्रभारी मुख्य नगर परिषद अधिकारी स्नेहा मिश्रा इंजीनियर अमित बघेल प्रभारी लक्ष्मी नारायण राजपूत गोविंद पांडे आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिव्य सृष्टि मंच का होली मिलन समारोह आयोजित



**जबलपुर।** दिव्य सृष्टि मंच द्वारा होली मिलन एवं महिला सुरक्षा हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में होली के त्योहार को मनाने के साथ-साथ महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शिरीष जामदार एवं डॉ. कीर्ति अभिलाष पांडे थीं। अध्यक्ष सुषमा जैन, कोषाध्यक्ष मधुबाला राजपूत एवं संरक्षक रत्ना श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्य शक्ति मंच द्वारा सभी महिलाओं ने रंग पंचमी के उपलक्ष में फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें नगर की सभी महिलाओं द्वारा महिला सुरक्षा, उनके अधिकार और समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा के माहौल को सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही होली मिलन के अवसर पर सामाजिक एकता और रंगों के उल्लास को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत और नृत्य का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संरक्षक रत्ना श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुषमा जैन, कोषाध्यक्ष मधुबाला राजपूत, अर्चना अग्रवाल, कल्पना तिवारी, माया सिंह, किरण राजपूत, राखी सिंह, लीना सोनी, शोभा साहू, शशि खरे आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

## बाबाताल शिवमंदिर में महारुद्र यज्ञ

# 31 ब्राह्मण बालकों ने धारण किया यज्ञोपवीत



**सिहोरा।** नगर के सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित महारुद्र यज्ञ में सोमवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन यज्ञ समिति द्वारा किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक ब्राह्मण बालकों ने यज्ञोपवीत जनेऊ धारण किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों से भी पहुंचे ब्राह्मण बालक

हर वर्ष होने वाले यज्ञोपवीत संस्कार में इस बार भी सिहोरा खितौला के अलावा कटनी, मोहतरा, भकरवारा, जुझारी, उमरिया, मंझगवा सहित अनेक ग्रामों से 31 ब्राह्मण बालक अपने परिजनों रिस्तेदारो के साथ पहुंचे। पंडित केशव तिवारी,अनुरुद्ध उपाध्याय आदि ने पूर्ण विधि विधान से सभी बालकों को ब्रतबंध धारण कराकर मंत्र दिया तथा जनेऊ के महत्व को बताया।

### इनका रहा सहयोग

उपनयन संस्कार के संपन्न कराने में बाबाताल यज्ञ समिति के पंडित राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज, हनुमान मिश्रा, इन्द्रकुमार पांडे, रामकृष्ण उपाध्याय, ललित दुबे, भूरा पेटल, वासु दुबे, संस्कार मिश्रा, धर्मेन्द्र पटेल आदि का सहयोग रहा।

# सनातन संस्कृति एक जीवन है

**जबलपुर।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने भगवान परशुराम के जन्म दिवस पर उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन पुनीत कार्य करने का निश्चय किया है, संपूर्ण ब्राह्मण समाज युवा- युवती एवं उपनयन प्रतिवर्ष की भांति निःशुल्क होगा। प्रति गुरुवार महाआरती में मंच के संस्थापक सदस्य डॉ. अरुण मिश्रा एवं यदुवंश मिश्रा, पंडित धनंजय बाजपेई ने संयुक्त रूप से बताया कि मंच की परंपरा के अनुसार बटुक एवं निःशुल्क परिचय सम्मेलन विगत 31 वर्षों से संस्कारधानी में आयोजित होता आया है जिसमें सभी ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होते हैं, यह कार्यक्रम भगवान परशुराम जन्म दिवस के दिन 30 अप्रैल को आयोजित होगा जो हमारी परंपरा के अनुसार होगा। मंच संस्कारधानी एवं अन्य जिलों से हमारे उप कार्यालय गढ़ा रोड कछपुरा ब्रिज के पास, ब्रिज बाइक सेंटर में जिन्हें उपनयन संस्कार अथवा परिचय सम्मेलन में शामिल होना है पूर्णता निःशुल्क अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन शुभारंभ हो चुका है, इस अवसर पर बताया गया हिंदू संस्कृति एवं सनातन संस्कृति एक जीवन है जो 16 संस्कार पर आधारित है, संपूर्ण विश्व को जीवन का संदेश देती है, भाईचारा, प्रेम, जियो और जीने दो, इसका मूल मंत्र है, आज संपूर्ण विश्व हिंदुत्व को अपना रहा है, जबकि हिंदू संस्कृति का प्रचार प्रसार आदिकाल से संस्कृति ही एक माध्यम है जो एक बार आया वह स्वयं संस्कृत में रम जाता है। संस्कृति एक उत्सव है, संस्कृति एक आनंद है, संस्कृति जीवन है।



आज की आरती के प्रमुख जजमान श्रीमती पुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, निशांत शर्मा, सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्र, राजकुमार दुबे, धनंजय बाजपेई, डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, केके दुबे, मधुबाला दुबे, जागृति मिश्रा, केके शुक्ला, सुनीता गिरीश पांडे आदि उपस्थित थे।



# उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

**जबलपुर।** महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अर्चना अग्रवाल ने राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि के नेतृत्व में दिल्ली पार्लियामेंट में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। अर्चना अग्रवाल ने बताया कि राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि के द्वारा ही उन्हें पार्लियामेंट में जाने के लिए परमिशन मिली थी, उनके नेतृत्व में ही लगभग 45 मिनट तक पार्लियामेंट में रहने का मौका मिला, जहां उपराष्ट्रपति से उनकी भेंट हुई, उपराष्ट्रपति ने अर्चना अग्रवाल को महिला सशक्तिकरण के साथ महिला मोर्चा में निरंतर कार्य करने के लिए बधाई दी।

## चोरी की 3 वारदातों में लाखों का माल पार

# दिन दहाड़े सूने मकान का ताला टूटा

**जबलपुर।** घमापुर, मदनमहल और माढ़ोताल थाना क्षेत्र में चोरी की तीन वारदातें सामने आई हैं। घमापुर शुक्ला होटल में दिन दहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर लिए। वहीं मदनमहल में घर पर रखा लैपटॉप अज्ञात चोर ले गए। इसी तरह माढ़ोताल में एक निर्माणाधीन मकान के गेट से कूदकर अज्ञात चोर खिड़की, दरवाजे आदि सामान चोरी कर ले गए।



घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदमारी शुक्ला होटल घमापुर निवासी 27 वर्षीय पूजा बाल्मीक गत दोपहर लगभग 12 बजे अपनी बेटी को अच्छे मियां का बाड़ा स्कूल लेने गई थी और उसकी देवरानी नेहा बाल्मीक बच्ची का आधारकार्ड में नाम जुड़वाने जोन आफिस गई थी। स्कूल से पूजा लगभग 1.45 बजे घर पहुंची तो घर का दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर रखी अलमारी में रखे सोने की पंचाली, हाय चंद्रमा, नथनी, चांदी की हाफ करधन, पायल, कंगन तथा देवरानी के आलमारी मे रखा सोने का मंगलसूत्र और नगदी लगभग 20 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

वहीं मदनमहल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार माली मोहल्ला रानीपुर निवासी 19 वर्षीय वैभव तिवारी गत सुबह लगभग 9 बजे वह अपने काम पर चला गया था और उसकी मां भी काम पर गयी थीं। घर पर उसके पिता राजेन्द तिवारी थे। वैभव ने काम पर जाते समय अपना लेपटाप कमरे के सोफा में रख दिया था रात लगभग 8.30 बजे वह घर आया तो देखा कि सोफे पर रखा लैपटॉप वहां से गायब था। चोरी गए लैपटॉप की कीमत लगभग 31 हजार 900 रूपये बताई गई है।

इसी तरह माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी कठौंदा आदिनगर निवासी 60 वर्षीय किसान राजकुमार चौकसे गत रात लगभग 8 बजे अपने निर्माणाधीन मकान गया था। गेट का ताला खोलकर अंदर देखा तो मकान में लगे दरवाजा, खिड़की, फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल, बल्व आदि सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 29 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 121 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 30 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा १७० बी.एन.एस.एस (१५१ जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 7 गैरम्यादी, 9 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 32 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 109 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 23 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी।

# योग साधना शिविर 27 मार्च से

**जबलपुर।** आर्य समाज गोरखपुर के तत्वावधान में आगामी 27 मार्च से 30 मार्च तक योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु दीर्घ अनुभवी एवं कुशल योग प्रशिक्षक आचार्य अरुण कुमार मुंबई से विशेष रूप से पधार रहे हैं। चार दिवसीय शिविर में प्रातः 7 से 9 बजे तक ध्यान और यज्ञ प्रशिक्षण तथा सायं 6 से 8 बजे तक संध्योपासना और साधना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समापन आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के दिन वृहत आयोजन के रुप में रविवार 30 मार्च को किया जाएगा। भजन प्रवचन और सत्संग के उपरांत शिविर समापन पर दोपहर 12 बजे से ऋषि लंगर भी आयोजित किया जाएगा। आशुतोष चंदेल, राजेश मुखी, श्रीमती कुसुम जिंदल, श्रीमती सुनीता हांडा आदि ने शिविर में भाग लेने का आग्रह किया है।



# कार की टक्कर से बाईक चालक घायल

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत गत रात सतपुड़ा क्लब के पास एक कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक चालक घायल हो गया और उसकी बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल होटल के पास लालमाटी घमापुर निवासी मंजीत सिंह ठाकुर अपनी नानी के घर गोरखपुर से मोटर सायकल रायल इन्फील्ड क्रमांक एमपी 20 एन टी 5179 से अपने घर लालमाटी आ रहा था। रात लगभग 10.30 बजे जैसे ही सतपुड़ा क्लब के पास पहुँचा तभी इलाहाबाद चौक की ओर से आ रही टाटा नेक्शन कार क्रमांक एमपी 20 जेड एच 0426 के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया और उसके हाथ पैर में चोटें आ गई एवं मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



**श्री रमेश पटेल** -सिहोरा वार्ड क्रमांक 2 ज्वालामुखी निवासी श्री रमेश पटेल का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विरेन्द्र पेटल के पिता थे।

**श्रीमती कैलाशवती शर्मा-** वत्सला अपार्टमेंट कैरव्ज के पास सिविल लाइन निवासी श्री सुखदयाल शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कैलाशवती शर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिया रानी-** गली नं. 1 इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री खुशीराम की धर्मपत्नी श्रीमती सिया रानी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजीव सरकार-** बंगाली कॉलोनी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री संजीव सरकार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूरन चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री पूरन चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई-** ज्योति नगर गढ़ा निवासी श्रीमती सावित्री बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी लाल रैकवार-** कछियाना लालमाटी निवासी श्री किशोरी लाल रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगा बाई उईके-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री रामराव उईके की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई उईके (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मिश्री लाल सोनकर-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री




मिश्री लाल सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती वर्मा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती वर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविशंकर विश्वकर्मा-** एनकेजे कटनी निवासी श्री रविशंकर विश्वकर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम गोपाल नेमा-** श्रीराम कॉलेज के पास निवासी श्री राम गोपाल नेमा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद कुमार शुक्ला-** गढ़ा स्थित लाल हवेली के पास निवासी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रघुनाथ सिंह-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री रघुनाथ सिंह (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बालकृष्ण बर्मन-** तमरहाई चौक निवासी श्री बालकृष्ण बर्मन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देवेंद्र बैरागी-** गौराव तालाब के पास इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री महेश दास बैरागी के पुत्र श्री देवेंद्र बैरागी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### जिंदल रिन्यूएबल को मिली एनएचपीसी से परियोजना

JINDAL RENEWABLES

**नई दिल्ली।** जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी से 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा एंव भंडारण परियोजना के लिए स्वीकृति पत्र मिला है। परियोजना को बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के 24 महीने के भीतर बनाओ, स्वामित्व रखो और चलाओ आधार पर तैयार किया जाएगा।

### स्टार्टअप कंपनियों ने 2.5 अरब डॉलर वित्त जुटाया




**नई दिल्ली।** भारत की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनियों ने 2025 की पहली तिमाही में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। यह राशि इससे पिछली तिमाही की तुलना में 13.64 प्रतिशत और सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत अधिक है। बाजार आसूचना मंच 'ट्रैक्सन' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आईटी से मांग नोटिस

care HEALTH INSURANCE

**नई दिल्ली।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने उसकी अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिलने की सोमवार को जानकारी दी। मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय द्वारा भेजा गया है।

### आईएससी का अधिग्रहण करेगी टाटा ऑटोकॉम्प

**नई दिल्ली।** टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने यूरोप के मोटर वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स ग्रुप स्वीडन एबी (आईएससी स्वीडन) का अधिग्रहण करने सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, प्रस्तावित अधिग्रहण से स्वीडन में टाटा ऑटोकॉम्प की उपस्थिति मजबूत होगी।

### आरईए इंडिया ने अमित चंद को सीएफओ बनाया

REA India

**नई दिल्ली।** प्रॉपटेक के मंच हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व रखने वाली आरईए इंडिया ने अमित चंद को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, अमित चंद आरईए इंडिया की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे। वह वित्त, कानूनी तथा खरीद आदि कार्यों की देखरेख करेंगे।

### वरिष्ठ नौकरशाह अजय सेठ वित्त सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह अजय सेठ को सोमवार को नया वित्त सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सेठ वर्तमान में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। तुहिन कांत पांडेय को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने के बाद वित्त सचिव का पद रिक्त हो गया था। स्थापित परंपरा के मुताबिक, केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अलग-अलग विभागों में तैनात सचिवों में से सबसे वरिष्ठ सचिव को वित्त सचिव नियुक्त किया जाता है।

# सात दिन में रुपए ने बदला बाजार का पूरा सीन, की 2025 के नुकसान की भरपाई

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ रुपया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रुपए ने लगातार सातवें दिन अपनी विनिंग स्ट्रीक जारी रखी और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 पर बंद हुआ। खास बात तो ये है कि रुपए ने अब से पहले साल 2025 जितना भी नुकसान झेला था, उसे पूरी तरह से रिकवर कर लिया।

- रुपया जल्द 85 के स्तर को तोड़कर 84 के स्तर पर भी पहुंच सकता है

रुपए में तेजी का प्रमुख कारण घरेलू इक्विटी बाजारों में सकारात्मक रुख और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर में जारी कमजोरी ने भी धारणा को मजबूत किया। हालांकि जानकारों का कहना है कि तरलता की कमी से लेकर पारस्परिक टैरिफ के लागू होने तक के जोखिम रुपए के लिए चुनौतियां बने हुए हैं।

### रुपए में जोरदार इजाफा

इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया 85.93 पर खुला, फिर डॉलर के मुकाबले 85.49 के उच्च स्तर और 86.01 के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 85.67 पर बंद हुआ। इसका मतलब है कि बाजार बंद होने तक रुपए में 31 पैसे की तेजी देखने को मिल चुकी थी। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे बढ़कर 85.98 पर बंद हुआ। रुपए में लगातार सातवां सत्र बढ़त का रहा, इस दौरान इसमें 154 पैसे की बढ़ोतरी हुई। लोकल करेंसी ने 2025 के लिए अपने सभी नुकसान की भरपाई कर ली है। 31 दिसंबर, 2024 को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर बंद हुआ।



### और देखने को मिल सकती है तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट ने कहा कि भारतीय रुपए ने सालाना नुकसान की भरपाई की, क्योंकि विदेशी बैंकों और निर्यातकों ने वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजन से पहले डॉलर बेचे, जबकि राज्य स्तर के बैंक आरबीआई के यूएसडी/आईएनआर स्वैप के बीच खरीदारी से दूर रहे। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ कार्यान्वयन से पहले अमेरिकी प्रतिनिधि के भारत आने से पहले भावनाएं सकारात्मक हो गई हैं। इसके अलावा, घरेलू इक्विटी में विदेशी फंडों की खरीदारी ने भी रुपए को अच्छा समर्थन दिया।

### 47 पैसे की और बढ़त देखने मिल सकती है

खास बात तो ये है कि आने वाले दिनों में रुपए में जिस तरह की तेजी का अनुमान लगाया गया है, उस पर आप यकीन नहीं कर पाएंगे। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में रुपए में और 47 पैसे तक की बढ़त देखने को मिल सकती है। कुछ तो यहां तक भी कह रहे हैं कि रुपया 85 रुपए के लेवल को तोड़कर 84 के लेवल पर भी पहुंच सकता है।

## सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# सेबी ने एफपीआई के लिए डिस्क्लोजर की सीमा को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने सोमवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की तरफ से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा को दोगुना करके 50,000 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इस कदम का उद्देश्य अपरिवर्तित रहने वाले शेयरधारिता मानदंड में बदलाव न करते हुए भी बदलते हुए बाजार की गतिशीलता का ध्यान रखना है। फिलहाल 25,000 करोड़ रुपये से अधिक प्रबंधन-अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) वाले एफपीआई के लिए अपने सभी निवेशकों या हितधारकों का विस्तृत विवरण अंतर्निहित विश्लेषण के आधार पर देना जरूरी है।

### कारोबार की मात्रा हुई दोगुनी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, "वित्त वर्ष 2022-23 और चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने लागू सीमा को मौजूदा 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।"

*अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी : पांडेय ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद कहा, "इस तरह से भारतीय बाजारों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी एयूएम रखने वाले एफपीआई को अब अतिरिक्त खुलासे करने की जरूरत होगी। नवनियुक्त चेयरमैन पांडेय की अगुवाई में यह निदेशक मंडल की पहली बैठक थी।*

*अतिरिक्त खुलासा शर्तों पर दी गई छूट : कुछ एफपीआई, जिनमें विस्तारित निवेशक आधार वाले व्यापक-आधारित, पूल संरचना वाले या सरकार या सरकार से जुड़े निवेशकों द्वारा स्वामित्व हित रखने वाले एफपीआई शामिल हैं, को कुछ शर्तों के अधीन ऐसी अतिरिक्त खुलासा शर्तों से छूट दी गई है।*




- एफपीआई की ओर से विस्तृत खुलासे के लिए निवेश सीमा दोगुनी
- नकद इक्विटी बाजारों में कारोबार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई
- मौजूदा लागू सीमा 25,000 करोड़ रुपए को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए की

### सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण देना जरूरी

अगस्त, 2023 में सेबी ने किसी एक कॉरपोरेट समूह में अपने इक्विटी एयूएम का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाले या भारतीय इक्विटी बाजारों में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल हिस्सेदारी रखने वाले एफपीआई को निर्देश दिया था कि वे एफपीआई में स्वामित्व, आर्थिक हित या नियंत्रण रखने वाली सभी इकाइयों का विस्तृत विवरण दें।

### निवेश सलाहकार ले पाएंगे एक साला का अग्रिम शुल्क

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों को एक साल तक अग्रिम शुल्क लेने की अनुमति देने का फैसला किया। मौजूदा नियमों के तहत निवेश सलाहकार (आईए) ग्राहक की सहमति होने पर दो तिमाहियों तक के लिए अग्रिम शुल्क ले सकते हैं।

### बदलाव का स्वागत

सेबी ने कहा कि उद्योग की कई चिंताओं को दूर करने के लिए पहले भी आईए और आरए से संबंधित नियमों को युक्तिसंगत बनाया गया था। ज्यादातर बदलावों का उन्होंने स्वागत किया है। बाजार नियामक ने कहा कि हालांकि शुल्क संबंधी कुछ प्रावधानों पर चिंताएं बनी हुई थीं, जो आईए और आरए द्वारा अग्रिम शुल्क लेने को छह महीने या तीन महीने तक सीमित करती हैं।

### ग्राहकों का सहमत होना जरूरी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने यहां कहा, "इन चिंताओं को दूर करने के लिए, बोर्ड ने फैसला किया कि अगर ग्राहक सहमत हो, तो आईए और आरए एक साल तक अग्रिम शुल्क ले सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुल्क सीमा, भुगतान विधि, धन वापसी से संबंधित अनुपालन आवश्यकताएं केवल व्यक्तिगत और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) वाले ग्राहकों पर लागू होंगी।

# प्याज पर निर्यात शुल्क हटाने से किसानों की बढ़ेगी आमदनी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अब प्याज के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा
- पहले निर्यात शुल्क 40 फीसदी तय किया गया था

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि एक अप्रैल से प्याज के निर्यात पर 20 प्रतिशत सीमा शुल्क हटाने के सरकार के फैसले से किसानों की आमदनी बढ़ेगी।

चौहान ने एक वीडियो बयान में कहा, "प्याज के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, ताकि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत से जो प्याज उगाया है, वह वैश्विक बाजारों तक पहुंच सके और उन्हें बेहतर कीमत मिल सके। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तय किया गया था, लेकिन जब प्याज की कीमतें गिरने लगीं और किसानों को कम प्रतिफल मिलने लगा, तो इसे घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "अब सरकार ने फैसला किया है कि 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क भी पूरी तरह से हटा दिया जाना चाहिए।"

### 1 अप्रैल से पूरी तरह से हटा दिया जाएगा

वित्त मंत्रालय ने पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में कहा था कि निर्यात शुल्क एक अप्रैल से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार किसान हितैषी है और कृषकों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। निर्यात शुल्क हटाने का मकसद प्याज की कीमतों में भारी गिरावट से किसानों को बचाना है।

# सोना 700 रुपए टूटा, चांदी 200 रुपए तेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- आभूषण विक्रेताओं की सतत बिकवाली से आया सोना नीचे
- सोना टूटकर 90,550 रुपए प्रति दस ग्राम

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

इसके अलावा, तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए रविवार को सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिकी अधिकारियों के बीच वार्ता के मद्देनजर संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीदों के बीच हालिया तेजी के बाद व्यापारियों ने लंबे जमा सौदों की कटान और मुनाफावसूली करना जारी रखा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 90,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। रविवार को यूक्रेन और अमेरिका के बीच रूस के साथ संभावित शांति समझौते की संभावना पर चर्चा के बाद भू-राजनीतिक जोखिम कम होने से सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं।


## सिक्किम से डैले मिर्च का सोलोमन द्वीप को निर्यात



**नई दिल्ली।** सिक्किम से जीआई-निशान वाली डैले मिर्च की एक खेप सोलोमन द्वीप को भेज दी गई है। सोमवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। सिक्किम में उपजने वाली डैले मिर्च को 'फायर बॉल मिर्च' या 'डैले खुरसानी' के नाम से भी जाना जाता है। यह अपने तीखेपन, चमकीले लाल रंग और उच्च पोषण मूल्य (विटामिन ए, सी और ई, पोटेशियम के साथ) के लिए मशहूर है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अपने व्यापक खरीद नेटवर्क के माध्यम से मेवेदिर ने दक्षिण सिक्किम में किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से लगभग 15,000 किलोग्राम ताजा डैले मिर्च प्राप्त की। इस खेप से किसानों को 250-300 रुपये प्रति किलोग्राम का प्रीमियम मूल्य मिला जो जीआई टैगिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों की पुष्टि करता है।'

# 3एफ ऑयल, पाम प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक बढ़ाएगी

एजेंसी ⏭ मुंबई



3एफ ऑयल पाम ने सोमवार को कहा कि वह आंध्र प्रदेश के अय्यावरम गांव में पाम के बागानों का पायलट ड्रोन सर्वेक्षण सफलतापूर्वक करने के बाद देश भर में अपनी प्रिसिज़न फ़ार्मिंग तकनीक पहल को आगे बढ़ाने की योजना बना रहा है। कंपनी ने बयान में कहा कि पिछले तीन दिन के दौरान सर्वेक्षण में 530 किसानों के स्वामित्व वाले 800 भूखंडों को शामिल किया गया, जिसमें लगभग 1,150 हेक्टेयर का सटीक जीपीएस कवरेज के साथ मानचित्रण किया गया। सर्वेक्षण में बागानों की स्वास्थ्य निगरानी और कीटों और पोषक तत्वों की कमी का जल्द पता लगाने के लिए पेड़ों की सटीक गणना और एफएफबी (ताजे फलों के गुच्छे) का अनुमान लगाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### आईएलएंडएफएस को मिला कारण बताओ नोटिस




**नई दिल्ली।** आईएलएंडएफएस इंजीनियरिंग सर्विसेज ने सोमवार को कहा कि उसे इंडियन ओवरसीज बैंक से कारण बताओ नोटिस मिला है। यह नोटिस कंपनी के ऋण खाते को संदिग्ध धोखाधड़ी खाते के रूप में वर्गीकृत करने की समीक्षा के लिए है। आईएलएंडएफएस इंजीनियरिंग ने शेयर बाजार को बताया कि इसमें 123 करोड़ रुपये की सेवाएं शामिल हैं। बैंक ने अनियमितताओं की मात्रा तय नहीं की है। अपनी फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में इन अनियमितताओं को पाया था। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के नामित निदेशकों वाले नए बोर्ड की पुनर्गठित ऑडिट समिति ने आईएलएंडएफएस लिमिटेड और इसकी कुछ समूह कंपनियों के सभी बड़े लेनदेन के लिए एक विशेष ऑडिट किया था।

# अमेजन 300 से कम के उत्पादों पर रेफरल शुल्क नहीं लेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- रेफरल शुल्क वह कमीशन विक्रेता अमेजन को देता है
- इस निर्णय से छोटे व्यवसायों को मिलेगा लाभ

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने उसके मंच पर 300 रुपये से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक उत्पादों पर 'रेफरल' शुल्क नहीं लेने की सोमवार को घोषणा की। 'रेफरल' शुल्क एक तरह का 'कमीशन' है जो विक्रेता प्रत्येक बेचे गए उत्पाद के लिए अमेजन को देते हैं। कंपनी के बयान में कहा गया है कि इस कदम का मकसद छोटे व्यवसायों का समर्थन करना और अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि को बढ़ावा देना है। अमेजन इंडिया के बिक्री साझेदार (सेवा) के निदेशक अमित नंदा ने कहा, " करोड़ों उत्पादों पर रेफरल शुल्क समाप्त कर और शिपिंग लागत कम कर हम विक्रेताओं के लिए अमेजन डॉट इन पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह पहल अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि का समर्थन करती है..।"

नंदा ने कहा, " जैसे-जैसे हम अपने परिचालन में दक्षता हासिल करते हैं, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वे लाभ हमारे विक्रेताओं और ग्राहकों तक पहुंचें।' शून्य 'रेफरल' शुल्क 135 उत्पाद श्रेणियों जैसे परिधान, जूते, फैशन आभूषण, किराना, घरेलू सजावट व साज-सज्जा, सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, रसोई उत्पाद और पालतू पशु उत्पाद आदि पर लागू होगा।

अमेजन ने 'ईजी शिप' और 'सेलर फ्लेक्स' जैसी बाह्य पूर्ति सेवाओं का उपयोग करने वाले विक्रेताओं के लिए एक नई 'फ्लैट' दर भी पेश की है। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय शिपिंग दरें अब 77 रुपये से घटकर 65 रुपये से शुरू होती हैं।

### ईजी शिप एक आपूर्ति माध्यम

'फ्लैट' दर शिपिंग एक मूल्य निर्धारण मॉडल है, जिसमें निर्धारित सीमा के भीतर, पैकेजों के वजन, आकार या दूरी पर ध्यान दिए बिना शिपिंग के लिए एक निश्चित लागत ली जाती है। वहीं 'ईजी शिप' एक आपूर्ति माध्यम है, जहां अमेजन विक्रेताओं के स्थान से पैकेज एकत्र करता है और उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाता है।

# एमएसएमई के लिए निवेश मानदंडों में हुए संशोधन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- अब 2.5 करोड़ रुपए तक निवेश सूक्ष्म उद्यम में वर्गीकृत
- मानदंड एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम (एमएसएमई) को वर्गीकृत करने के लिए कुल कारोबार और निवेश मानदंडों में महत्वपूर्ण संशोधनों को अधिसूचित किया है। ये एक अप्रैल से लागू होंगे।

अब 2.5 करोड़ रुपये तक के निवेश वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को "सूक्ष्म उद्यम" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। इसकी सीमा पहले एक करोड़ रुपये की थी। कुल कारोबार (टर्नओवर) की सीमा भी पांच करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है। वहीं 25 करोड़ रुपये तक के निवेश वाली इकाइयों को "लघु उद्यम" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जिसकी पहले सीमा 10 करोड़ रुपये थी। ऐसे उद्यमों के लिए कुल कारोबार की सीमा 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दी गई है। 'मध्यम उद्यम" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जबकि पहले यह सीमा 50 करोड़ रुपये थी। मध्यम उद्यमों के लिए कुल कारोबार की सीमा दोगुनी करके 500 करोड़ रुपये कर दी गई है।

### वित मंत्री ने बजट में की थी घोषणा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में एमएसएमई के लिए नए वर्गीकरण मानदंडों की घोषणा की थी, जिसमें वर्गीकरण के लिए निवेश तथा कुल कारोबार की सीमा को क्रमशः 2.5 गुना और दो गुना बढ़ाने का प्रस्ताव था।

## थोक मंडियों में दो रुपए किलो हुए टमाटर के दाम

# मप्र की मंडियों में औंधे मुंह गिरे टमाटर के भाव

एजेंसी ⏭ इंदौर

मध्यप्रदेश की थोक मंडियों में नई फसल की बंपर आवक के कारण टमाटर के भाव औंधे मुंह गिर गए हैं। इससे किसानों के लिए टमाटर की खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है।


- किसान खेत से फसल तुड़वाने का खर्च भी नहीं निकाल पा रहे

इन हालात में कृषक संगठनों ने मांग की है कि राज्य सरकार टमाटर उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा के लिए तुरंत उचित कदम उठाए।

इंदौर की देवी अहिल्याबाई होलकर फल और सब्जी मंडी की गिनती सूबे की सबसे बड़ी थोक मंडियों में होती है। करीब 130 किलोमीटर दूर खंडवा जिले से इंदौर की इस मंडी में टमाटर बेचने आए किसान धीरज रायकवार ने सोमवार को को बताया, मंडी में टमाटर के थोक दाम गिरकर दो रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गए हैं। इस कीमत में हम खेत से फसल को तुड़वाने का खर्च भी नहीं निकाल पा रहे हैं।

### किसानों को हो रहा भारी घाटा

पड़ोस के धार जिले से इंदौर की मंडी में टमाटर बेचने आए किसान दिनेश मुवेल के मुताबिक उन्होंने दो लाख रुपए का कर्ज लेकर दो एकड़ में टमाटर की बुवाई की थी, लेकिन इस सब्जी के भाव गिरने से उन्हें खेती में भारी घाटा हुआ है।



### किसान मंडी में फेंक कर जा रहे टमाटर

रायकवार ने दावा किया कि नौबत यह आ गई है कि किसानों को टमाटर की बिना बिकी खेप को मंडी में फेंककर जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया, "पिछले साल टमाटर के ऊंचे दाम मिलने के कारण किसानों ने इस साल इसकी जमकर बुवाई की थी। इस बार बंपर पैदावार के कारण मंडी में टमाटर की भरपूर आवक हो रही है जिससे इसके भाव गिर गए हैं।"

### सरकार उचित कीमत पर किसानों से खरीदे टमाटर

पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक रामस्वरूप मंत्री ने मांग की कि मंडियों के मौजूदा रुझान के मद्देनजर राज्य सरकार को किसानों से उचित कीमत पर टमाटर खरीदना चाहिए ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग

मंत्री ने कहा, "संयुक्त किसान मोर्चा लंबे समय से मांग कर रहा है कि सरकार को टमाटर जैसी सब्जियों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करना चाहिए, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।"

## चिंतन

# वर्ष के अंत तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य कठिन

आज 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत में इस रोग के उन्मूलन की स्थिति की विवेचना जरूरी है। प्रति वर्ष टीबी (क्षय रोग) से 3.20 लाख भारतीयों की मौत होती है। भारत दुनिया में सबसे अधिक ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) प्रभावित देशों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी के कारण होती है। भारत सरकार लंबे समय से टीबी उन्मूलन का अभियान चला रही है। डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024' के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक औसत 8.3% की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसके बावजूद चालू वर्ष 2025 के अंत तक क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक लक्ष्य (2030) से पांच साल पहले का है। विश्व के मल्टीड्रग-रेजिस्टेंट टीबी के 62 फीसदी मरीज भारत में हैं। पिछले छह महीनों में किए गए सर्वे के देश में अनुसार 21% बच्चे (16 वर्ष तक) और 14% वयस्क मामलों में टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं, लेटेंट टीबी (जो शरीर में मौजूद होती है लेकिन सक्रिय नहीं होती) के लिए आईजीआरए जांच में 23% बच्चों और 43% वयस्कों में संक्रमण पाया गया। भारत में टीबी के बढ़ते मामलों के मुख्य कारण जानकारी का अभाव, कुपोषण, रहन-सहन में स्वच्छता की कमी आदि हैं। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इस बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं। पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों में संक्रमण) के अलावा टीबी बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन के माध्यम से शरीर के अन्य अंगों में फैलने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी भी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जल्द जांच और प्रभावी इलाज इससे मुक्ति के उपाय हैं। टीबी की निगरानी और स्क्रीनिंग को और मजबूत किया जाए। टीबी निदान के लिए ट्रिपल-लेयर सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि शुरुआती चरण में ही टीबी की पहचान हो सके। सरकार की पोषण सहायता योजना के तहत अप्रैल 2018 से हर टीबी मरीज को 500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं, पर राशि कम है और योजना का क्रियान्वयन प्रभावी नहीं है। सरकार मुफ्त में दवा भी देती है। सीएजी के मुताबिक, 2018-19 से 2022-23 के बीच कुल 2.60 लाख टीबी मरीजों को 72.24 करोड़ का भुगतान बकाया रहा (नवंबर 2022 तक)। टीबी) एक संक्रामक बैक्टीरियल बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी पीड़ित मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। दुनिया के कुल टीबी मामलों का लगभग 26 प्रतिशत भारत में हैं। समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार, मास्क का उपयोग और टीबी मरीज से दूरी बनाए रखना, संक्रमण के खतरे को कम करने में मदद करता है।। टीबी का अधूरा इलाज न केवल मरीज के लिए खतरनाक होता है, बल्कि यह बीमारी को और भी घातक बना सकता है। इसलिए पूर्ण इलाज जरूरी है। भारत सरकार राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है, इसमें जांच व इलाज निःशुल्क है। टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से प्रयास करने की जरूरत है।



विश्लेषण
प्रो. अश्वनी महाजन

# पंगु हो चुका डब्ल्यूटीओ बच पाएगा?

डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डबल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। यूएस की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है।

90 के दशक में वैश्वीकरण के प्रतीक के रूप में डबल्यूटीओ का जन्म हुआ। कहा गया कि दुनिया एक गांव की तरह है, इसलिए न केवल वस्तुओं और सेवाओं बल्कि पूंजी का भी निर्बाध मुक्त प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए; ताकि सभी देशों के लोगों को सबसे सस्ती वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह भी कहा गया कि पूंजी का मुक्त प्रवाह और पर्याप्त उपलब्धता विकासशील देशों में भी विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाएगी। डबल्यूटीओ की खासियत यह थी कि इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संचालन को नियम-आधारित बनाया गया। यानी अगर कोई देश डबल्यूटीओ के समझौतों के मुताबिक व्यवहार नहीं कर रहा है, यानी डबल्यूटीओ के नियमों के खिलाफ विदेशों से आने वाले सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगा रहा है या बाधाएं या अवरोध लगा रहा है, तो उस देश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

हालांकि, शुरू से ही विकासशील देश डब्ल्यूटीओ के कथित लाभों को लेकर आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि वे टैरिफ और अन्य प्रकार की बाधाओं के माध्यम से अपने उद्योगों और कृषि को विदेशी देशों से अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों से होने वाली प्रतिस्पर्धा से ठीक से बचा नहीं पाएंगे। इतना ही नहीं, ट्रिप्स, ट्रिम्स, सेवाओं और कृषि, खासकर स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि और किसानों की सुरक्षा और उनके उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े समझौतों से होने वाले दुष्प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाना अब संभव नहीं होगा। डब्ल्यूटीओ के गठन से होने वाले लाभों और उसके कारण वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही को देखते हुए अधिकांश अर्थशास्त्री नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार को वरदान के रूप में बताते रहे। लेकिन वैश्वीकरण के उस दौर में 'गैट' के तहत किए गए नए समझौतों से होने वाले नुकसानों का या तो ठीक से अध्ययन नहीं किया गया या फिर उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। लेकिन पिछले 8 वर्षों से, जब से डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से वैश्विक व्यापार के संचालन का एक प्रमुख साधन डबल्यूटीओ अपनी चमक खोता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही जो फैसले लिए हैं, उनसे डबल्यूटीओ के पतन की गति और तेज हो गई है। पूरी दुनिया में डबल्यूटीओ के भविष्य को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डबल्यूटीओ को मानव कल्याण, विकास और सुचारू विश्व व्यापार का प्रतीक मानते थे, वे अब इस बात पर बहस कर रहे हैं कि डबल्यूटीओ कितनी जल्दी खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विश्व व्यापार संगठन अब पंगु हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन के पंगु होने की प्रक्रिया डबल्यूटीओ के दोहा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शुरू हुए दोहा विकास दौर से शुरू हो गई थी। दोहा सम्मेलन में विकासशील देशों ने यह मुद्दा उठाया कि चूंकि विकसित देश आर्थिक रूप से मजबूत हैं, इसलिए असमान व्यापार के कारण विकासशील देशों में विकास प्रक्रिया बाधित होती है। इसलिए विकासशील देशों के विकास को गति देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही डबल्यूटीओ में दोहा विकास दौर की वार्ता शुरू




हो गई। विकसित देशों की इसमें कोई रुचि नहीं थी और उनकी उदासीनता के कारण दोहा विकास दौर बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गया। भारत समेत विकासशील देश डबल्यूटीओ में जो कुछ हो रहा था, उससे स्पष्ट रूप से निराश थे।

यही नहीं कि विकसित देश विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति उदासीन थे, अमेरिका को यह लगने लगा था कि उसे डबल्यूटीओ से वह सब मिल गया है जो वह चाहता था। उनके कॉरपोरेट अब पहले से कहीं अधिक रॉयल्टी और तकनीकी शुल्क प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि डबल्यूटीओ की स्थापना के बाद बौद्धिक संपदा व्यवस्था ने ज्यादातर अमेरिका की कंपनियों को तरजीह दी, जिनके पास अधिकांश पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार थे। अमेरिकी कंपनियों को विकासशील देशों में निवेश करने के भरपूर अवसर मिले और अमेरिकी कृषि उत्पादों को विकासशील देशों में अभूतपूर्व बाजार पहुंच मिलनी शुरू हो गई। लेकिन 2001 में चीन के डबल्यूटीओ में प्रवेश और उसके आर्थिक उत्थान के बाद, चीनी माल ने अमेरिकी बाजारों पर कब्जा करना शुरू कर दिया और अमेरिका को चीन के साथ विदेशी व्यापार में भारी व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने यह अब यह शिकायत करना शुरू कर दिया कि डबल्यूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली के कारण, वह अन्य सदस्य देशों के साथ कई विवादों में हार रहा है। अतीत में, अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई अन्य संगठनों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को वित्तीय योगदान देता था। लेकिन, जब से डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने, अमेरिका में यह धारणा बनने लगी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से इन संस्थाओं को वित्तपोषित करना अमेरिका के हित में नहीं है। अपनी रणनीति के तहत अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बाधा डाली। इसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटान प्रणाली ही लगभग पंगु हो गई। यह सर्वविदित है कि विवाद निपटान प्रक्रिया विश्व व्यापार संगठन की नियम-आधारित प्रणाली का अभिन्न अंग है। इसके कारण अब सदस्य देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना आसान नहीं रह गया है। यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की उदासीनता के कारण विश्व व्यापार संगठन कमजोर होता जा रहा है।

विश्व व्यापार संगठन के लगातार मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में यह बात स्पष्ट होती रही है कि अमेरिका की विश्व व्यापार संगठन में कोई रुचि नहीं रह गई है। लेकिन ऐसे समय में जब चीन को छोड़कर शेष विश्व समेत विकासशील देश अपने बाजारों में चीनी उत्पादों की भरमार के कारण न केवल औद्योगिक विकास के मामले में नुकसान उठा रहे हैं, बल्कि मुक्त व्यापार और वैश्वीकरण के नाम पर जन स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए कानून बनाने की अपनी स्वतंत्रता या संप्रभुता भी खो चुके हैं और विश्व व्यापार संगठन उनके लिए विश्व बाजारों तक पहुंच का एकमात्र साधन बचा है। ऐसे में वे विश्व व्यापार संगठन के सम्मेलनों में इसे प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम करते रहे हैं। लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापस आने के बाद अब विश्व व्यापार संगठन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक मुक्त व्यापार व्यवस्था पर सीधा हमला करना शुरू कर दिया है। वही अमेरिका, जो विश्व व्यापार संगठन की बातचीत और गठन में सबसे आगे था; और दुनिया भर में मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार था, अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहा है; और तर्क देते हुए कि चूंकि दुनिया के अन्य देश उच्च टैरिफ लगाते हैं, इसलिए अमेरिका भी उच्च आयात शुल्क लगाएगा, जिसे वह 'पारस्परिक टैरिफ' कहता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



मौसम
सुशील देव


# गर्मी बढ़ने के साथ संकट में घिरने लगी है दिल्ली

पर्यावरणीय असंतुलन और लगातार मौसम में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से दिल्ली में गर्मी की आशंका अभी से सताने लगी है। आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मानते हैं कि 21 मार्च 2025 से आसमान साफ होने और चटक धूप पड़ने से गर्मी बढ़ेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के बाद से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू होगी, जिससे मार्च महीने के आखिर तक गर्मी का असर बढ़ेगा। इसलिए जल्द ही दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। कहते हैं कि दिल्ली की गर्मी और सर्दी बहुत भयंकर होती है। ऐसे में दिल्ली सरकार पहले से ही सचेत रहना चाहिए। दिल्ली देश की राजधानी है, उस हिसाब से केंद्र सरकार का भी कर्तव्य बनता है कि गर्मी से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करना चाहिए।

दिल्ली में गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ जाती है, पीने के पानी की समस्या। ज्यादातर जगहों पर तो गंदे पानी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में जीवन के इस महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के मद्देनजर पहले दिल्लीवासियों को साफ पानी की सप्लाई सबसे बड़ा मुद्दा होता है। इस बार भी यही होना है। हर गर्मी में यहां जल संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे निपटने में सरकार असफल हो जाती है। इतना ही नहीं, गर्मी के दौरान कई इलाकों में पानी की भारी कमी होती है, वहीं टैंकरों की आपूर्ति में देरी होती है या भ्रष्टाचार के कारण पानी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पानी की कमी वाले इलाकों में टैंकरों से लोगों तक पानी पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पानी की टंकियां लगाने की योजना या तो अधूरी रह जाती है या ठीक से लागू नहीं होती। दिल्ली सरकार ने पिछले साल गर्मियों में कई उपाय नहीं कर पाईं थीं। इनमें राजधानी शहर के अंदर पर्याप्त कूलिंग शेल्टर नहीं तैयार होना प्रमुख रहा। ज्ञात हो कि सार्वजनिक स्थानों पर कूलिंग शेल्टर यानी ठंडी छांव, जल सेवा केंद्र, शीतल स्थल बहुत कम हैं। बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और बाजारों में छायादार व्यवस्था की कमी है, जिससे लोग लू का शिकार हो जाते हैं। गर्मियों में एयरकंडीशनर, कूलर और पंखों की जरूरत बढ़ जाती है लेकिन बार—बार बिजली की कटौती होने से भी यहां के निवासियों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि, बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस बार बिजली कटौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गर्मियों में इसबार बिजली की मांग रिकार्ड तोड़ रह सकती है। यह करीब 9 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है।बीआरपीएल के क्षेत्र में 4 हजार मेगावाट, बीवाईपीएल के क्षेत्र में 1900 मेगावाट और टीपीडीडीएल के क्षेत्र में 2562 मेगावाट तक जा सकती है। पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8656 मेगावाट रही थी। दिल्ली सरकार को कल—कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए विशेष राहत प्रदान करने वाली नीतियां बनानी चाहिए। गर्मी के समय में इनके काम के घंटे कम करने या सुरक्षा उपाय देने पर जोर दिया जाना चाहिए। पिछले साल भी इस संदर्भ में ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों में गर्मियों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताने के लिए बड़े पैमाने पर टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए थे, लेकिन प्रभावी रूप से ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, हीट वेव के लिए कोई एसएमएस अलर्ट सिस्टम नहीं बनाया गया जिससे लोग समय रहते सावधान हो सके। सरकार को दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य प्रति भी चिंता कम रही। हीट स्ट्रोक से निपटने के उपायों के तहत अस्पतालों में विशेष वार्ड और आपातकालीन सेवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं थी। एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की कमी के कारण लू से पीड़ित लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाई। कुल मिलाकर दिल्ली सरकार ने कुछ प्रयास जरूर किए, लेकिन वे पर्याप्त नहीं थे। अगर सही योजना और क्रियान्वयन होता, तो गर्मी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता था। दिल्ली सरकार को गर्मियों से बचने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध के साथ नई हरियाली लगाने की गति को तेज करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं। सरकारी भवनों, बस स्टॉप और मुख्य सड़कों पर ग्रीन कवर विकसित किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क और सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मनोबल गिराने वाली कार्रवाई

किसी भी देश की सेना उस देश की आन, बान और शान होती है। अपने जीवन को देश की खातिर अर्पित कर, यह सैन्य बल देश की आजादी, अमन–चैन को कायम कर हमें खुली हवा में चैन की सांस लेने और नागरिक समाज को परिवारों सहित देश के भीतर खुशहाल बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। अभी हाल ही में पंजाब राज्य के पटियाला में ऑन ड्यूटी सेवा में रहते हुए एक कर्नल साहब पुष्पेंद्र सिंह बाथ एवं उनके बेटे को पटियाला पुलिस के एक नहीं, बारह पुलिस के जवानों ने मिलकर डंडों से निर्ममता के साथ पिटाई कर अधमरा कर दिया। ऐसा अत्याचार तो कोई दुश्मन देश भी हमारे जवानों को पकड़ने के बाद उन पर नहीं करता। यह कार्रवाई सैन्य बलों का मनोबल गिराने वाली है। दोषियों को दंड मिलना चाहिए।

*– मनोज रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### संरक्षित स्मारक नहीं



उत्तर प्रदेश के एटा लोकसभा क्षेत्र में स्थित महाकवि तुलसीदास और अमीर खुसरो की जन्मस्थलियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार के तहत 'संरक्षित स्मारक नहीं हैं व किसी योजना में इनके विकास एवं संरक्षण का प्रस्ताव नहीं है।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री

### सरकार सहयोग कर रही



जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करना जनता के समर्थन के बिना संभव नहीं है। निर्वाचित सरकार प्रयास कर रही है और उपराज्यपाल का सहयोग कर रही है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और शांति बनी रहे।

-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके


### नारायण गुरु के विचार अहम



शिक्षा के माध्यम से प्रबुद्ध बनें, संगठन के माध्यम से मजबूत बनें, और कड़ी मेहनत के माध्यम से समृद्ध बनें। - श्री नारायण गुरु के विचार। गुरु ने पिछली सदी में जाति व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था।

-राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### भाजपा का फर्जी मुद्दा



भाजपा आज संसद को स्थगित कराने के लिए कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण और शिवकुमार के कथित बयान के रूप में एक पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आई, ताकि न्यायमूर्ति वर्मा प्रकरण पर चर्चा न हो।

-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

## करंट अफेयर

# अदालत ने हान के खिलाफ महाभियोग किया खारिज



दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने देश के प्रधानमंत्री हान डक–सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया और देश के दूसरे नंबर के नेता को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया लेकिन राष्ट्रपति यून सूक येओल के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला नहीं सुनाया गया है। पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून के खिलाफ 'नेशनल असेंबली' द्वारा महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हान कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। देश में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण एक बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। विपक्षी सांसदों के साथ राजनीतिक संघर्ष के बाद सदन में दिसंबर के अंत में हान के खिलाफ भी महाभियोग का प्रस्ताव पारित किया गया। संवैधानिक अदालत ने सोमवार को कहा कि उसने हान के खिलाफ महाभियोग को रद्द करने का फैसला किया है, लेकिन यून के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला आना बाकी है। अगर अदालत यून के खिलाफ महाभियोग को बरकरार रखती है तो दक्षिण कोरिया को नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव कराना होगा। अगर अदालत उनके पक्ष में फैसला सुनाती है तो यून को पद पर बहाल कर दिया जाएगा और उन्हें राष्ट्रपति पद की शक्तियां वापस मिल जाएंगी।

## ऑफ बीट

# अल्जाइमर का रक्त परीक्षण से चल सकता है जल्दी पता



किसी व्यक्ति में अल्जाइमर रोग का निदान करने के लिए इन सभी लक्षणों का मौजूद होना जरूरी नहीं है, हालांकि मस्तिष्क में एमाइलॉइड–बीटा प्लाक और/या तो उलझनों की उपस्थिति आवश्यक है। इसके विपरीत, कुछ लोगों में बायोमार्कर परिवर्तन हो सकते हैं लेकिन कभी भी अल्जाइमर रोग के लक्षण विकसित नहीं हो सकते हैं। चूँकि मस्तिष्क में अन्य लक्षण प्रकट होने से वर्षों पहले रक्त में इन बायोमार्कर परिवर्तनों का पता लगाया जा सकता है, यह अल्जाइमर रोग का निदान करने का एक तेज़ और कम आक्रामक तरीका प्रदान कर सकता है। रक्त परीक्षण वर्तमान में खरीद के लिए उपलब्ध अधिकांश रक्त परीक्षण रक्त में दो अलग–अलग प्रकार के अमाइलॉइड–बीटा को मापते हैं: अमाइलॉइड–बीटा 42 और अमाइलॉइड–बीटा 40 । फिर इन दो प्रोटीनों के बीच अनुपात की गणना की जाती है। यह अनुपात जितना कम होगा, व्यक्ति में अमाइलॉइड प्लाक और इसलिए अल्जाइमर रोग होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। ऐसा ही एक परीक्षण, प्रीसीविटीएडी, डॉक्टरों द्वारा अमेरिका में अल्जाइमर के लक्षण प्रदर्शित करने वाले लोगों में उपयोग करने के लिए अनुमोदित किया गया है, और इसे यूरोपीय संघ में उपयोग के लिए सुरक्षित माना गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# उपमुख्यमंत्री शिंदे पर कमेंट के मामले में बोले कुणाल माफी नहीं मांगूंगा, एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा पर सोमवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने फोन पर पूछताछ की। कामरा ने कहा, मुझे अपने गीत पर कोई पछतावा नहीं है। मैं माफी नहीं मांगूंगा। अगर कोर्ट ने कहा तो ऐसा कर सकता हूं। इससे पहले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की टीम ने यूनीकॉन्टिनेंटल होटल में कार्रवाई की। होटल ने बयान जारी कर कहा कि फिलहाल इस क्लब को बंद कर रहे हैं। आर्टिस्ट्स को परफॉर्मेंस की जगह दी है। वे अपने बयानों के लिए खुद जिम्मेदार हैं, लेकिन हर बार हम निशाना बन जाते हैं।

» तोड़फोड़ के मामले में 11 शिवसैनिक गिरफ्तार बाद में छोड़ा, 40 पर एफआईआर दर्ज

» कुणाल कामरा ने शो का वीडियो रविवार को ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था



### ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी आंखों पर चश्मा हाय

दरअसल, हुआ ये कि रविवार को कामरा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे एक कविता पढ़ रहे हैं। इसकी पहली लाइन 'ठाणे की रिक्शा चेहरे पर दाढ़ी, आंखों पर चश्मा हाय... है।' कुणाल ने इसे फिल्म 'दिल तो पागल है' के गाने की धुन पर गाया। शिवसेना (शिंदे) के कार्यकर्ताओं ने इस कविता को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक कमेंट माना और रविवार रात को यूनीकॉन्टिनेंटल होटल में तोड़फोड़ की। दूसरे दिन सोमवार सुबह पुलिस ने तोड़फोड़ के आरोप में शिवसेना नेता राहुल कनाल सहित 11 शिवसैनिकों को गिरफ्तार कर लिया। इस केस में 40 शिवसैनिकों पर एफआईआर हुई थी।

### फडणवीस बोले- माफी मांगें

विवाद पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस का बयान सामने आया है।



उन्होंने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन कोई भी जो चाहे वह नहीं बोल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कॉमेडी करने का अधिकार है, लेकिन अगर यह हमारे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है, तो यह सही नहीं है।

**इसलिए भड़के शिवसैनिक**


महाराष्ट्र में अभी महायुति की सरकार है। महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। शिवसेना का आरोप है कि कामरा की कविता की शुरुआत में ही उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लुक को बताया गया है।

### राउत ने किया कुणाल का समर्थन

जहां शिंदे गुट कुणाल के खिलाफ गुस्से में है वहीं शिवसेना के नेता



संजय राउत ने कुणाल का समर्थन किया। राउत ने एक्स पर कुणाल का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कुणाल का कमाल! जय महाराष्ट्र। उन्होंने कहा, मैं कुणाल कामरा को लंबे समय से जानता हूं। वह हम पर भी ऐसी टिप्पणियां करते थे।



**संविधान की किताब पोस्ट की**

कुणाल ने एक तस्वीर पोस्ट की, उसमें वे हाथ में संविधान की एक प्रति लिए हुए हैं। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है, यही एक मात्र रास्ता है।

**हिंदुस्तान में घूमने नहीं देंगे: शिवसेना**

शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने भी कुणाल को धमकी दी। म्हास्के ने कहा कि आपको महाराष्ट्र ही नहीं, पूरे हिंदुस्तान में घूमने नहीं देंगे। आपके पीछे पड़ गए, तो आपको देश छोड़ना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### जशोदाबेन ने बांकेबिहारी से मांगा आशीर्वाद

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन शनिवार की देर शाम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचीं। ठाकुर बांकेबिहारीजी के



दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद उन्होंने बाजार में ठाकुरजी की पोशाक की भी खरीदारी की। पुलिस ने मंदिर के वीआईपी कटघरे में उन्हें पहुंचाया। परिवार के पांच सदस्यों के साथ मंदिर पहुंचीं जशोदाबेन को मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना करवाई और ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र और प्रसाद भेंट किया। पूजन कर देश के सुख समृद्धि की कामना की।

### मुर्मू ने श्री नीलमाधव मंदिर में पूजा की

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में श्री नीलमाधव मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति के साथ



ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। श्री नीलमाधव मंदिर महानदी के तट पर कांतिलो में स्थित है।मंदिर के पुजारी ने कहा, राष्ट्रपति ने आरती की। वह प्रसिद्ध भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना कर के प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की है।

### छह वर्षों में 800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुआ

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा को बताया कि पिछले छह वर्षों में जम्मू स्मार्ट सिटी



परियोजना पर 800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। अब्दुल्ला (जो आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रभारी मंत्री भी हैं) ने कहा कि जम्मू स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूरे हो चुके कार्यों के संबंध में कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने भाजपा के विक्रम रंधावा के अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, आज की तारीख तक जम्मू स्मार्ट सिटी ने 815.37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### नड्डा बोले-संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम कांग्रेस ने किया

# मुस्लिम आरक्षण से शुरू लड़ाई संविधान पर आई, कांग्रेस घिरी, कर्नाटक तक घमासान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के चालू बजट सत्र में संविधान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। इस मुद्दे के जरिए भाजपा अब उस पिच पर बैटिंग कर रही है, जिस पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव के दौरान से भाजपा को घेर रही थी। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ये संविधान वाला सियासी हथियार अब भाजपा अपने पाले में लाती दिख रही है। दरअसल, ये सबकुछ शुरू हुआ कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान से। दरअसल, डीके शिवकुमार ने हाल ही में कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अगर जरूरत हुई तो संविधान में बदलाव भी किया जाएगा। इसको लेकर भाजपा हमलावर है। भाजपा ने ये मुद्दा संसद में उठाया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम आरक्षण के लिए बाबा साहब के बनाए संविधान को क्यों बदलना चाहती है, कांग्रेस के अध्यक्ष जो इस सदन में विपक्ष के नेता भी हैं, उनको जवाब देना चाहिए। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो संविधान की रक्षक बनती है। बाबा साहब ने स्पष्ट कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। लेकिन कांग्रेस की सरकार ने साउथ में मुस्लिम धर्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट में चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है।

> डीके शिवकुमार ने हाल ही में कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अगर जरूरत हुई तो संविधान में बदलाव भी किया जाएगा।

जिस मुद्दे पर कांग्रेस घेरती थी अब खुद उसी मुद्दे पर घिरती दिखी

### रिजिजू ने लोकसभा में भी उठाया मुद्दा, कांग्रेस को सुनाई खरी खरी





**धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं हो सकता**

जेपी नड्डा ने इसे ऑथेंटिकेट किया और कहा कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने वहां के सदन में कहा है कि जरूरत पड़ी तो हम संविधान को बदलेंगे और ये लोग संविधान के बड़े रक्षक बनते हैं। वहां संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है। विपक्ष के नेता को इसका जवाब देना चाहिए। लोकसभा में भी किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में धर्म के नाम पर कोई रिजर्वेशन नहीं हो सकता है। कांग्रेस पार्टी का वरिष्ठ नेता संवैधानिक पद पर बैठकर जब यह कहता है कि मुस्लिम आरक्षण देने के लिए संविधान बदला जाएगा, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### डीके शिवकुमार ने दी सफाई

विवाद के बीच डीके शिवकुमार ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि मैं संविधान में बदलाव करूंगा। भाजपा बिना कारण के झूठा प्रचार फैला रही है।



मैं उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा जिन्होंने मेरी बातों को गलत तरह से पेश किया है। मैं 36 साल से विधायक हूं। मुझे भी सामान्य समझ है। ऐसे मामलों में मैं नड्डा से अधिक अनुभवी और समझदार राजनीतिज्ञ हूं। लेकिन भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। हमारी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी है।

### ये कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है

दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि अगर भाजपा सत्ता में आएगी तो वह संविधान को बदल देगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई मौकों पर संविधान की कॉपी लेकर भाजपा को घेरते रहे हैं और दावा करते रहे हैं कि कांग्रेस संविधान में कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। लेकिन अब डीके शिवकुमार के इस बयान से कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।

### कभी नहीं बदला जाएगा संविधानः खरगे

राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान को



कभी बदला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षा करती आई है और आगे भी करती रहेगी। खरगे ने डीके शिवकुमार के मुस्लिम आरक्षण पर दिए बयान को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। उन्होंने सत्ताधारी भाजपा पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### नागपुर हिंसा मामले में बुलडोजर चला

# दंगा भड़काने का आरोप देशद्रोह का केस दर्ज हुआ

**मास्टरमाइंड** फहीम का घर तोड़ा





एजेंसी ▶▶ मुंबई

औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। हिंसा के एक और आरोपी यूसुफ शेख के घर का अवैध निर्माण भी तोड़ा गया है। नागपुर नगर निगम ने संजय बाग कॉलोनी, यशोधरा नगर में मौजूद फहीम के मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए रविवार को 24 घंटे का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने इसकी बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था। नागपुर में 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद के बाद हिंसा हुई है। इसके मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फहीम खान को दंगा और आगजनी की घटनाओं के दो दिन बाद 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी पुलिस हिरासत में हैं। फहीम ने 21 मार्च को सेशंस कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी। उसका दावा है कि उसे राजनीतिक प्रतिशोध के चलते गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उसने विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

### » हरा कपड़ा जलाने पर हुआ था विवाद

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने 17 मार्च को पूरे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया था। इस दौरान नागपुर में हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। इसे लेकर विवाद हो गया, जिसने बाद में हिंसा का रूप ले लिया। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन में हरे रंग की चादर जलाई गई। हिंसा भड़कने के बाद शहर के 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया था। हिंसा में डिप्टी पुलिस कमिश्नर स्तर के तीन अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

### कैग रिपोर्ट पर हंगामा

# केजरीवाल सरकार में कम हुईं बसें, घाटे में गई डीटीसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की सरकार ने विधानसभा में डीटीसी की सीएजी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट के आधार पर बीजेपी ने आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। सीएजी की इस रिपोर्ट में डीटीसी की बसों की घटती संख्या से लेकर राजस्व में हो रहे घाटे का जिक्र किया गया है। सीएजी की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2021-22 में 660.37 करोड़ रुपये के



कारोबार के साथ रोजाना औसतन 15.62 लाख यात्रियों को ले जाने के बावजूद डीटीसी को लगातार घाटे का सामना करना पड़ रहा है। 2015-2016 MS 2021-22 तक सात साल के ऑडिट में पाया गया कि डीटीसी के पास कोई बिजनेस प्लान या बेंचमार्क नहीं था।

### राहुल गांधी ने छात्रों को संबोधित किया

# भाजपा, संघ पर निशाना, कहा ..तो किसी को नौकरी नहीं मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में छात्र संगठन एनएसयूआई ने नई शिक्षा नीति के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी छात्र नेताओं को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस भारत के भविष्य और शिक्षा प्रणाली को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। दिल्ली में नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ एनएसयूआई के विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि एक संगठन भारत



के भविष्य और भारत की शिक्षा प्रणाली को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। अगर हमारी शिक्षा प्रणाली उनके हाथों में चली गई, जो धीरे-धीरे हो रहा है, तो यह देश नष्ट हो जाएगा। इस देश में किसी को भी नौकरी नहीं मिलेगी।

### बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट स्थल पर हादसा



अहमदाबाद। बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल पर निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला 'सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री' दुर्घटनावश अपनी जगह से हट गया जिसकी वजह से समीपवर्ती रेलवे लाइन पर कई ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई। राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया कि यह हादसा रविवार रात करीब 11 बजे वटवा में हुआ। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ और न ही पहले से बने हुए ढांचे को कोई नुकसान पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि घटना के कारण कम से कम 25 ट्रेनों को रद्द तथा 15 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया।

### आरजीकर कॉलेज में दुष्कर्म का मामला

# कोर्ट ने सीबीआई से मांगी केस डायरी, पूछा-क्या सबूत मिटाने की संभावना भी जांच रहे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आरजीकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ



दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले की जांच से संबंधित केस डायरी अगली सुनवाई पर पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई ये यह भी पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या मामले में सबूतों को नष्ट किए जाने की संभावना के एंगल पर भी जांच कर रही है। वहीं, मृतका के परिजन और मामले में याचिकाकर्ता ने इस दौरान अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट में आरोप-पत्र दाखिल करते समय सीबीआई ने कहा था कि अपराध में बड़ी साजिश शामिल थी। ऐसे में उन्होंने मामले की आगे की जांच के लिए प्रार्थना की। जिस पर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने निर्देश दिया।

### ये भी पूछा अपराधी एक है या और भी हैं

न्यायमूर्ति घोष ने उप महाधिवक्ता (डीएसजी) को यह साफ करने का निर्देश दिया कि क्या सीबीआई ने कभी भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70 (सामूहिक बलात्कार) के तहत अपराध की जांच करने पर विचार किया था। चूंकि इस मामले में एक व्यक्ति को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में न्यायमूर्ति घोष ने आगे पूछा कि क्या सीबीआई ने अपने आरोप-पत्र में इस बात पर विचार किया था कि अपराध एक अकेले अपराधी द्वारा किया गया था।

### विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया ऐलान

# आप सरकार के बीते कार्यकाल पर दिल्ली सरकार लाएगी श्वेत पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल



पर श्वेत पत्र पेश करेंगी। सीएम गुप्ता ने सीएजी रिपोर्ट भी पेश की। उन्होंने विधानसभा में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान यह बात कही। आठवीं दिल्ली विधानसभा का पहला बजट सत्र चल रहा है। इससे पहले दिन में गुप्ता ने सीएजी रिपोर्ट पेश की, जिसमें डीटीसी के वित्तीय और परिचालन पहलुओं पर प्रकाश डालने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण जल्द ही पेश किया जाएगा, क्योंकि विभिन्न विभागों में ऑडिट अभी भी जारी है। वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रहीं गुप्ता मंगलवार को दिल्ली में 26 साल से अधिक समय में भाजपा सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। बता दें कि विधानसभा चुनावों में आप को हराने के बाद पिछले महीने भाजपा राजधानी में सत्ता में लौटी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन आप विधायकों ने स्पीकर विजेंद्र गुप्ता द्वारा नियम 280 के तहत चर्चा के दौरान उनके एक विधायक का नाम न लेने के फैसले का विरोध करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं जब स्पीकर ने आप विधायक की बात को नजरअंदाज किया तो विपक्ष की नेता आतिशी के नेतृत्व में पार्टी के अन्य विधायकों ने वॉकआउट किया।

**26 साल बाद आज भाजपा सरकार पेश करेगी पहला बजट**

**आप विधायकों ने किया विरोध, वॉकआउट किया**

### बजट से पहले हलवा नहीं बनाई खीर, भगवान राम को लगाया भोग

दिल्ली विधानसभा में आज से बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो गया है। बजट सत्र शुरू होने से पहले हर बार हलवा सेरेमनी मनाई जाती थी। लेकिन इस बार सेरेमनी तो मनाई गई लेकिन हलवा की जगह खीर बनाई गई। दिल्ली बजट पेश करने से पहले सोमवार को खीर सेरेमनी मनाई गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भगवान राम को खीर का भोग लगाया। इस तरह की सेरेमनी पहली बार मनाई गई है। जिसमें हलवा की जगह खीर तैयार की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अन्य नेताओं को खीर खिलाकर इस बजट सत्र की शुरुआत की।



हरिभूमि

# सहेली





चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

## मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ

डॉ. मोनिका शर्मा

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

### प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।

### सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं। असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।





### ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

### बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

### अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है। a

## देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य

अनीता जैन, वास्तुविद

देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।



**कलशः** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसनः** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षतः** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दीः** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपकः** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में किसी तरह की नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियलः** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूपः** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोगः** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है। a

## व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

डाइट सजेशन

अंशु चौहान, डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



### इन्हें करें डाइट में शामिल

व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।



**प्रोटीन-फाइबर्सः** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।



**सुबह-दोपहर में क्या लेंः** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।

**डिनर में क्या लेंः** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं। a

## मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंगः** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेडः** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशनः** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूजः** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

**आईशैडोः** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिकः** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है। a

(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से






# आज अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरुआत करने के लिए तैयार है।

## पंजाब किंग्स को 18 साल से खिताब का इंतजार
## मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे



### पहली बार कप्तानी कर रहे गिल

दूसरी तरफ गिल को भारत का भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। उन्हें हाल में भारत की एकदिवसीय टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने हार्दिक पांड्या के पिछले साल मुंबई इंडियंस से जुड़ जाने के बाद गुजरात की कप्तानी संभाली थी लेकिन उनकी टीम तब आठवें स्थान पर रही थी। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम 2022 में विजेता और 2023 में उपविजेता रही थी।

# रहाणे, अश्विन सहित 8 खिलाड़ियों की हुई घर वापसी, एक बना कप्तान

### आर अश्विन


आर अश्विन को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। वह पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। चेन्नई ने 2015 में रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए।

### भुवनेश्वर कुमार



तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मेगा ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद आरसीबी ने इस गेंदबाज को अपने खेमे में शामिल किया। साल 2010 में आरसीबी ने भुवनेश्वर कुमार को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ रहे और कप्तानी भी संभाली।

### ग्लेन मैक्सवेल




ग्लेन मैक्सवेल को पंजाब किंग्स ने मेगा ऑक्शन में खरीदा। साल 2020 में पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह आरसीबी का हिस्सा रहे। अब फिर से पंजाब फ्रेंचाइजी ने मैक्सवेल पर भरोसा जताया है।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। फटाफट क्रिकेट का उद्घाटन मुकाबला केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। आरसीबी ने जीत के साथ आगाज किया है। 18वें सीजन की शुरुआत से पहले मेगा ऑक्शन हुआ था और 10 फ्रेंचाइजियों की पूरी की पूरी टीम बदल गई।

हर टीम में नए चेहरे शामिल हो गए हैं। किसी ने अपनी टीम छोड़ नई टीम में जगह बनाई तो किसी-किसी ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी में सालों बाद वापसी की। इसमें दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने घर वापसी की है। ऐसे 8 खिलाड़ी हैं जिनकी पुरानी टीम में वापसी हुई है। इसमें अजिंक्य रहाणे और अश्विन का भी नाम शामिल है। आइए जानते हैं उन 8 खिलाड़ियों के बारे में...

### अजिंक्य रहाणे को मिली कप्तानी



चेन्नई सुपर किंग्स ने साल 2023 में अजिंक्य रहाणे को खरीदा था। रहाणे उस सीजन चैंपियन रहे और अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 तक चेन्नई के साथ रहे। इसके बाद मेगा ऑक्शन में एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पुराने बल्लेबाज को खरीद लिया और इस सीजन के लिए अपना कप्तान भी नियुक्त किया।

### मनीष पांडे

केकेआर ने अपने पुराने बल्लेबाज को घर बुला लिया है। मनीष पांडे ने साल 2014 के फाइनल में केकेआर के लिए 94 रन की पारी खेली थी और केकेआर ने पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती थी। साल 2017 में केकेआर ने पांडे को रिलीज कर दिया। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने अपने साथ जोड़ा है।

### ट्रेंट बोल्ट

राजस्थान रॉयल्स के लिए पावर प्ले में विकेट चटकाने वाले ट्रेंट बोल्ट अब मुंबई के लिए यह काम करते हुए दिखाई देंगे। बोल्ट की घर वापसी हुई है। 2021 में मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट को रिलीज कर दिया था। अब फिर से अपने तेज गेंदबाज को वापस हासिल कर लिया है।

### सैम करन

साल 2021 में चेन्नई सुपर ने सैम करन को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स से जुड़े और फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की। हालांकि, इस सीजन फिर चेन्नई ने सैम करन पर दांव खेला और इंग्लिश ऑलराउंडर को अपनी टीम में शामिल कर लिया।

### जोफ्रा आर्चर

साल 2021 तक राजस्थान के लिए खेलने वाले जोफ्रा आर्चर को मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा था। हालांकि, इंजरी की वजह से ज्यादा आईपीएल के मैच खेल नहीं सके। अब राजस्थान रॉयल्स ने अपने पुराने गेंदबाज को फिर से घर बुला लिया है।

# पुणे में होगा बिली जीन किंग कप का टूर्नामेंट




**पुणे।** बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट आठ से 12 अप्रैल तक यहां बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित छह टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में अन्य टीमें न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन, कोरिया और थाईलैंड होंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच, दो एकल और उसके बाद युगल मुकाबले होंगे। टीमें इस क्षेत्र से उपलब्ध दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, 'मुंबई ओपन डब्लूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्च स्तर का एक और टूर्नामेंट हासिल कर रोमांचित है।' भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अंकिता रैना करेंगी और इसमें सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी शामिल होंगी जिनकी रैंकिंग 300 से 358 के बीच है।

# अश्विन की क्रिकेट समझ के कायल हैं रचिन

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत के नायक रचिन रविंद्र ने इसका श्रेय क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने वाले रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले स्पिन आक्रमण को दिया। रविंद्र ने कहा, 'ऐश (अश्विन) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। वह टीम के साथ अपना व्यापक अनुभव और क्रिकेट ज्ञान को जोड़ता है। मेरे कहने का मतलब है कि वह जिस तरह से स्पिन गेंदबाजी के बारे में अपनी बात रखता है और टिप्स देता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और भारत के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं।'




## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### मोतीबाग कार्यशाला में मशीनों की मरम्मत के लिए ई-निविदा सूचना

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, एमआईबी-डब्ल्यू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2024-19-06-03-17 दिनांक: 21.03.2025 **कार्य का विवरण:** CNC लेथ (BG & NG), मॉडल क्र. SWL (BG/NG)-54, एसेट नंबर 126(A)LW का 03 (तीन) वर्षों की CAMC के साथ एकमुश्त मरम्मत संशोधन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,60,00,000/- (रु. एक करोड़ साठ लाख मात्र), GST @ 18% सहित, **बयाना राशि:** ₹ 2,30,000/- (रु. दो लाख तीस हज़ार मात्र) **अनुबंध की अवधि:** 38 महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/- (शून्य)।

**2. निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2024-19-06-03-18 दिनांक: 21.03.2025 **कार्य का विवरण:** मैग्नेटिक क्रैक डिटेक्टर मशीन, मॉडल नंबर SPRING MAG506 का 02 (दो) साल के CAMC के साथ एक बार मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 8,06,530/- (रु. आठ लाख छह हजार पांच सौ तीस मात्र) GST @ 18% सहित, **बयाना राशि:** ₹ 16,100/- (रु. सोलह हज़ार एक सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 26 महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/- (शून्य)।

**निविदा जमा करना:** दोनों निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक **12.04.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है।

इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**कार्यशाला प्रबंधक, मोतीबाग कार्यशाला, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

ML/35-235

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
### // निविदा सूचना (2nd Call) //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./ प्रकाश 2024-25 /40/पीआरओ/673 दिनांक 24/03/2025 | Side Lighting work at Different Location in Ward No.41 Jabalpur | 03 माह एवं 268899.00 | 2000.00 एवं 2689.00 | 11.04.2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (विघुतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर

## कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म.प्र.

दूरभाष - 07622-262215 E-Mail-jsdjktn@mp.gov.in क्रमांक 233/निर्वाह/25 कटनी दिनांक 21/03/2025

### द्वितीय वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2025-26 (आमंत्रण)

जिला जेल कटनी में परिरुद्ध बंदियों के उपयोग हेतु खण्ड -1 खाद्यान सामग्री व्यवस्था के लिए ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 04.04.2025 समय प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य 05.00 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रुपये तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | दिनांक 09.04.2025 समय सायंकाल : 05:30 बजे | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3 | नमूने जमा करने की तिथि | दिनांक 10.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 11.04.2025 प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 15.04.2025 प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल कटनी म. प्र |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता हैं।

G-24709/24

जेल अधीक्षक
जिला जेल कटनी म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र.)

विज्ञापन पत्र क्रमांक / 858 / व.ले.लि. /का.यं. / लो.स्वा.यां. / खण्ड / 2025 — सिवनी, दिनांक- 18.03.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407948_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 01 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407949_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 02 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407950_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 03 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407952_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 04 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407953_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 05 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407954_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 06 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407955_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 07 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 24/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_PHED_407956_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 08 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07/04/2025 | 07/04/2025 | 60 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |

G-24712/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)

